e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 108

सुविचार
अपनी असफलताओं के लिए बहाने न बनाएं, लेकिन उसे जानने के बाद आगे बढ़ना चाहिए।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
20.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव संपन्न, 60 प्रतिशत हुआ मतदान

# उमड़ी वोटरों की भीड़

**सबसे ज्यादा बंगाल की जलपाईगुड़ी में 79.33 प्रतिशत व सबसे कम बिहार के नवादा सीट पर 40.2 प्रतिशत हुआ मतदान**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ । 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 102 सीटों के लिए वोटिंग हुई। पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें तमिलनाडु की सभी 39 सीटें, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड की सभी पांच, महाराष्ट्र की पांच, असम और बिहार की चार-चार, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक सीट शामिल है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शाम पांच बजे तक 102 सीटों पर करीब 60 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा बंगाल की जलपाईगुड़ी में 79.33 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं बिहार के नबादा सीट पर सबसे कम 40.2 प्रतिशत लोगों ने वोटिंग की है।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवान के हाथ में फटा ग्रेनेड, इलाज के दौरान मौत

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 32 वर्षीय जवान की शुक्रवार को मौत हो गई. एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने बताया कि अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का एक गोला दुर्घटनावश फट गया, जिसमें कॉन्स्टेबल देवेंद्र कुमार घायल हो गए थे. इसके बाद इलाज के लिए उन्हें जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पर वो शहीद हो गए.एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना उसूर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत गलगम गांव के पास हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एक मतदान केंद्र से आधा किलोमीटर दूर क्षेत्र में अभियान पर निकली थी.

### दुनिया की सबसे छोटे कद वाली महिला ज्योति आमगे ने किया मतदान

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नागपुर में दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला ज्योति आमगे ने वोट डाला. इसी के साथ उन्होंने मतदाताओं से भी वोट करने की अपील की है. ज्योति आमने नागपुर में अपने परिवार के साथ रहती हैं. वे एस्ट्रेस और मॉडल हैं.बता दें कि नागपुर की ज्योति आमगे का जन्म 16 दिसंबर को साल 1993 में नागपुर में हुआ था. ज्योति की हाइट महज 2 फुट यानी 63 सेंटीमीटर है. वे दुनिया की सबसे छोटी महिला के रूप में जानी जाती हैं. उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है. उन्हें दो बार वर्ल्ड रिकॉर्ड का बैज भी दिया जा चुका है.

### मणिपुर के मतदान केंद्र में घुसे हथियारबंद लोग

मणिपुर के एक मतदान केंद्र में हथियारबंद लोगों को घुसने की खबर है। मणिपुर के इंफाल ईस्ट में स्थित खोंगमान मतदान केंद्र यह घटना घटी।

### बंगाल में हिंसा की घटनाओं से मतदान प्रभावित

पश्चिम बंगाल में हिंसा के लिहाज से संवेदनशील कूचबिहार निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के साथ ही लोकसभा चुनाव के पहले चरण में तीन संसदीय सीटों पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गयीं। टीएमसी और भाजपा के सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमशः 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज करायी हैं।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में जापानी नागरिकों पर हुआ आत्मघाती हमला

**काबुल :** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को आतंकवादियों ने जापान के नागरिकों के एक वाहन को निशाना बनाते हुए आत्मघाती हमला किया। गनीमत यह रही कि वाहन सवार जापानी नागरिक हमले में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उप महानिरीक्षक (पूर्व) अजफर महेसर ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने लांधी में मुर्तजा चौरंगी के पास जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने का प्रयास किया। बताया जाता है कि जापान के ये नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते हैं। उप महानिरीक्षक महेसर ने कहा,सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं लेकिन उसके साथ मौजूद निजी सुरक्षाकर्मी घायल हो गया है।

### सुस्त ग्लोबल इकॉनमी के बीच भारत बना एक्सीलेंट परफॉर्मर, लगातार 3 तिमाहियों में 8 प्रतिशत से ज्यादा रही ग्रोथ

**नयी दिल्ली :** भारत की अर्थव्यवस्था ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य के बावजूद निरंतर खपत तथा निवेश मांग के समर्थन से पिछले साल मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। भारत के आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने गुरुवार को वर्ल्ड बैंक समिति को बताया कि वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान, जिसे दूसरे अग्रिम अनुमान में 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है।सेठ ने कहा,भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 की लगातार तीन तिमाहियों में आठ फीसदी से अधिक की ग्रोथ दर्ज की है, जो सुस्त वैश्विक ग्रोथ रुझानों के बीच एक एक्सीलेंट परफॉर्मर के रूप में उसकी स्थिति की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा,इसी तरह की राय विभिन्न एजेंसियों द्वारा व्यक्त की गई है, जिन्होंने भारत के वित्त वर्ष 2023-24 के ग्रोथ अनुमान को आठ फीसदी के करीब संशोधित किया है। सतत विकास के रास्ते में सुधार और निवेश पर भारत का सक्रिय रुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक मानक स्थापित करता है।

### केजरीवाल को इंसुलिन देने की मांग पर आदेश सुरक्षित, 22 अप्रैल को फैसला

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को इंसुलिन देने की मांग की है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 22 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए हैं। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को शुगर की बीमारी है और इसके लिए उन्हें इंसुलिन की जरूरत होती है। सिंघवी ने कोर्ट को केजरीवाल के शुगर लेवल का चार्ट दिखाया।

### दक्षिण राज्यों में भाजपा को मिलेगी महत्वपूर्ण सफलता : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली :** तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने विश्वास जताया कि इस लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारतीय राज्यों में पार्टी को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।तिरुवनंतपुरम में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि 2024 के चुनावों में अधिकांश दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा को सफलता मिलेगी। इन राज्यों के लोगों के दिमाग में वंशवादी दलों ने लोगों के मन में नकली आख्यानों के साथ जहर भर दिया गया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 41° |
| न्युनतम | 24° |

## 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में बेटियों का जलवा

# ज्योत्सना बनीं स्टेट टॉपर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है. इस बार 90.3 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं. जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने इसकी घोषणा की है. इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है, 91 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं, जबकि 89.70 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं.रिजल्ट जारी करते हुए जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि इस बार माध्यमिक परीक्षा 06 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गई थी. जिसमें 4 लाख 18 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे. जिसमें 3,38,358 अभ्यर्थी सफल हुए हैं. कुल 90.3 फीसदी बच्चे पास हुए हैं. उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 2,05,110 बच्चे प्रथम श्रेणी से सफल हुए हैं. जो कुल सफल छात्रों का 54.20 प्रतिशत है.

### कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने में सफल रहा जैक : अध्यक्ष

जैक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार जैक कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने में सफल रहा है. कम समय में मूल्यांकन कार्य संपन्न हुआ. उन्होंने कहा कि कम समय में परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर उन्हें खुशी हो रही है. नतीजे करीब 30 दिन पहले जारी किए जा रहे हैं.

### जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा : शिक्षा सचिव

इस दौरान शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि 2023 और 2024 के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को एक साथ सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस बार जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94.03 फीसदी रहा है. 94 फीसदी के साथ हजारीबाग दूसरे, गिरिडीह तीसरे, 93.23 फीसदी के साथ लातेहार चौथे और 92.52 फीसदी के साथ कोडरमा पांचवें स्थान पर है. सबसे खराब रिजल्ट देवघर का रहा है.

### ये बने टॉपर

जैक द्वारा जारी मैट्रिक रिजल्ट में ज्योत्सना ज्योति 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं. सनत संजोरी 98.8 प्रतिशत के साथ सेकेंड टॉपर रहीं. 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या संयुक्त रूप से थर्ड स्टेट टॉपर रहीं, ये सभी इंदिरा गांधी गर्ल्स हाई स्कूल, हजारीबाग की छात्राएं हैं.

# प्रचंड गर्मी से जीना हुआ मुहाल, येलो अलर्ट जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अप्रैल का महीना अभी खत्म भी नहीं है और गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है. मौसम के मामले में मुफिद कहे जाने वाले झारखंड के कई जिलों में लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाना शुरु कर दिया है. संथाल, कोल्हान और पलामू प्रमंडल में जिंदगी थम सी गई है. 19 अप्रैल को गोड्डा, पाकुड़, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में पारा 43 डिग्री पहुंच चुका है. मौसम केंद्र ने 19 अप्रैल के अधिकतम तापमान और हिव वेव की वजह से दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. 20 और 21 अप्रैल को येलो अलर्ट का दायरा देवघर, जामताड़ा, धनबाद और बोकारो तक पहुंच जाएगा. 22 अप्रैल को संथाल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ के अलावा कोल्हान में सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में येलो अलर्ट जारी रहेगा. मौसम केंद्र ने 11 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की सलाह दी है. पर्याप्त मात्रा में समय-समय पर पानी पीते रहने, सूती कपड़े पहनने, चश्मा, टोपी और छतरी के इस्तेमाल की भी सलाह दी है. बुजुर्गो, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखने, पार्क किए गये गाड़ियों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ने का भी सुझाव दिया गया है.मौसम केंद्र ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में पाकुड़, देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में अधिकतम पारा 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है. ऐसे समय विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है. झुलसाने वाली तपिश के बीच 23 अप्रैल को राज्य को दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है.

### तमिलनाडुः घोड़ों के जरिये दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचाई गई ईवीएम

**चेन्नई (एजेंसी):** राज्य के डिंडीगुल जिले में मतदान से पहले जिले के दूरदराज के गांवों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ले जाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल किया गया। इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें जिसमें मतदान कर्मियों को पहाड़ी पर बने रास्ते पर घोड़ों पर लदे ईवीएम ले जाते देखा गया। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले के चिन्नूर गांव में सीएपीएफ सुरक्षा के साथ घोड़े के जरिये मतदान सामग्री भेजी गई।




## बुढ़ा पहाड़ : जहां गरजती थी बंदूके, वहां पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे मतदाता

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र स्थित हेसातू के मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा क्षेत्र स्थित गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार में कही। वे बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 3-30 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ,पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव, 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। मतदान केन्द्र के निरीक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

संक्षिप्त खबरें

## मजदूरों को बहला फुसला कर बाहर भेजने वाला दलाल गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी की पुलिस ने आरोपी इस्लाम अंसारी को उसके गांव सकलदीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जावेद अंसारी पर गरीब मजदूरों को प्रलोभन देकर काम करवाने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में भेजने का आरोप है। बाहर में मजदूरों को कई प्रकार के प्रताड़ित किया जाता था। इसी क्रम में सोंस गांव के हलधर भुइयां की मौत जम्मू कश्मीर में हो गई थी। उसके शव को परिवार वालों को बिना सूचना दिए और बिना पोस्टमार्टम कराए ही जावेद अंसारी द्वारा मृतक के घर के पास पहुंचा दिया गया था। इस घटना के बाद से जावेद अंसारी फरार था। इस मामले में उसके खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# तिलक में जा रही ऑटो वाहन पलटी एक की मौत पांच हुए घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार :** थाना क्षेत्र के परसोडीह मोबाइल टावर के समीप गुरुवार की रात्रि करीब 8 बजे तिलक को जा रही टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बैठे छ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उक्त घायलों को भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में ही 45 वर्षीय ब्रह्मदेव पासवान की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार केतार जगनारायण पासवान की लड़की की तिलक लेकर कांडी थाना क्षेत्र के घटहुवा गांव जा रहा था तभी परसोंडीह टावर के समीप अनियंत्रित होकर उक्त टेंपो पलट गई मृतक ब्रह्मदेव पासवान उत्तर प्रदेश के मुरीसेमर के रहने वाले थे मृत्यु उपरांत उनका शव केतार थाना लाया गया जहां शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा ले जाने के क्रम में केतार गेट के समीप ही मृतक का ससुराल राजनाथ पासवान के घर था अपने दामाद का शव देख ससुराल वाले दहाड़ मार कर रोने लगे जिससे थोड़ी देर के लिए आस पड़ोस की माहौल गमगीन सा हो गया।

# पांकी में एसबीआइ सीएसपी सेंटर का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी में ग्रामीणों के सुबिधा को देखते हुए पांकी के सुड़ी गांव में एसबीआइ का सीएसपी सेंटर खोला गया। सेंटर का उद्घाटन तरहसी ब्रांच के मैनेजर एवं मुखिया पति लोकनाथ यादव के नेसंयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सीएसपी सेंटर के संचालक मंजू कुमारी गुप्ता ने बताया कि पहले लोगों को बाहर जाना पड़ता था। अब बैक का सारा काम सुड़ी में ही होगा। इससे अगल-बगल के करीब छह गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर सुड़ी के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चन्द्रवंशी, हुरलोंग पंचयात समिति सदस्य लक्ष्मी देवी के पति पिंटू गुप्ता, गोल्डन खान, पवन गुप्ता, नारद यादव, तेजू विश्वकर्मा, भोला पासवान अंकित वर्मा, अविनाश शर्मा, बिट्टू गुप्ता, पंकज गुप्ता, संत्री शर्मा लोग मौजूद थे।

## 95.6 प्रतिशत अंक लाकर साक्षी चौबे बनी स्कूल टॉपर



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जारी झारखंड अधिविध परिषद रांची दशम बोर्ड परीक्षा 2024 की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के टॉप टेन में साक्षी चौबे 95.6 प्रतिशत प्रथम स्थान, निशीबाला चौबे 93.4 प्रतिशत दूसरा स्थान, प्रिया कुमारी और आर्यन विभूति 93 प्रतिशत तीसरा स्थान, माही राज 92.8 प्रतिशत चौथा स्थान, मुस्कान कुमारी 92.6 प्रतिशत पांचवा स्थान, आरूषी कुमारी 92.2 प्रतिशत छठवा स्थान, शिवराज प्रसाद 91.8 प्रतिशत सातवा स्थान, मुस्कान सिंह 91.6 प्रतिशत आंठवा स्थान तथा रागिनी कुमारी और ज्योति प्रिया 91.4 प्रतिशत अंक के साथ नौवा स्थान तथा पलक पांडेय 91.2 प्रतिशत अंक के साथ दसवे स्थान पर रही। विद्यालय के अध्यक्ष श्री जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार प्रसाद ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं दी। बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है। इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं को इस उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दिया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रेहला में छात्राओं को अल्बेंडजोल की दवा खिलाकर शुरू हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रेहला में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार बीपीओ मणि कुमार पाण्डेय, बिपयम पंकज पाण्डेय, बिनोद तिवारी, मिथलेश दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कि बच्चों के विकास के लिए पोषण बहुत जरूरी है इसलिए एल्बेंडाजोल की दवा खाकर कुपोषण की कमी को दूर कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि पेट में कीड़ा होने से वे बच्चों के पोषण को मार देते हैं जिसे बच्चों कि विकास की गति रुक जाती है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत कई सैकड़ों टीम लगा कर लक्ष्य के अनुरूप कृमि का दवा खिलाकर हासिल किया जा रहा, उन्होंने सभी अभिभावक, जनप्रतिनिधि, गन्यमान लोगो से जागरूकता करते हुए इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# बीपीओ ने सभी बीआरपी, सीआरपी के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को प्रखंड साधन सेवी तथा संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने सभी सीआरपी को शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था विद्यालय के पोषक क्षेत्र करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें. ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ वाले सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित किया जाय. उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखें तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें.उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के घर जाकर अभिभावक से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करें. उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देश के अनुसार आगामी 30 अप्रैल तक एसए टू का रिजल्ट घोषित करना है। सीआरपी यह सुनिश्चित करें कि अपने अपने सीआरसी में एसए टू का परीक्षाफल निर्धारित तिथि को हरहाल में हो। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बिरेन्द्र प्रजापति सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

# जमा दो उच्च विद्यालय का वार्षिक-माध्यमिक परीक्षाफल 89.91 प्रतिशत रहा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** जमा दो उच्च विद्यालय नगर उंटारी का वार्षिक-माध्यमिक परीक्षा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत हुआ है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पांडे ने बताया कि परीक्षा में कुल 238 छात्र शामिल हुए थे। जिसमें 88 छात्र प्रथम श्रेणी, 123 छात्र द्वितीय श्रेणी, तीन छात्र तृतीय श्रेणी सहित कुल 214 छात्र सफल हुए।इसके साथ ही 24 छात्र मार्जिनल अंक प्राप्त किया है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर टॉप 10 छात्रों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर पियूष सोनी ने 92.2 प्रतिशत अंक ला कर प्रथम स्थान, 87 प्रतिशत अंक लेकर प्रिय दर्शन कुमार दूसरे स्थान पर, 82.8 प्रतिशत अंक के साथ सूर्यकांत तीसरे स्थान पर, 82.4 प्रतिशत अंक के साथ सन्नी पांडेय चौथे स्थान पर, 81.4 प्रतिशत अंक ला कर पिंटू कुमार पांचवे स्थान पर, 81 प्रतिशत अंक के साथ सत्यम कुमार छठे स्थान पर, 80 प्रतिशत अंक के साथ अशरफ आलम सातवे स्थान पर, 79.8 प्रतिशत अंक के साथ नीतीश कुमार यादव आठवे स्थान पर, 79.4 प्रतिशत के साथ समीर अख्तर नौवे स्थान पर तथा 76.4 प्रतिशत अंक के साथ विवेक कुमार दसवे स्थान पर रहे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा में सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का कुल परीक्षा फल 89.91 प्रतिशत रहा।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम मनाया गया




**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शशीकेश कश्यप ने सभी बच्चों को इसकी जानकारी दी सभी के साथ एल्बेंडाजॉल की गोली खाकर इसकी महत्ता को बताया द्य एल्बेंडाजॉल की गोली खाने से बच्चों के कुपोषण के शिकार नहीं होते हैं। बच्चों को हमेशा सफाई रखना चाहिए बच्चों का नाखून हमेशा कट करना चाहिए हमेशा साफ पानी पीना चाहिए खाने को ढक कर रखना चाहिए कोई भी फल या सब्जी आता है तो पहले धोकर तभी उसका सेवन करना चाहिए। अपने आसपास हमेशा सफाई की व्यवस्था रखनी चाहिए नंगे पांव कभी नहीं रहना चाहिए हमेशा जूते या चप्पल हमेशा पहन कर ही रहना चाहिए खुले में शौच नहीं करनी चाहिए अपने घर में बने शौचालय का ही प्रयोग करना चाहिए और हमेशा सफाई के साथ अपने हाथ को धोना चाहिए जिससे आप सभी बच्चे बीमारी से दूर रहेंगे।

## 95.8 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर चंद्रकला कुमारी ने विद्या मंदिर बड़की चांपी का परचम लहराया

कुल 58 में 56 ने प्रथम श्रेणी से एवं 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा। 91त्न से ऊपर 13 भैया बहनों ने परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं 31 भैया बहनों ने 80त्न से ऊपर परीक्षा फल प्राप्त किया। चंद्रकला कुमारी ने 95.80 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर श्रुति कुमारी (95.40त्न) और तीसरे स्थान पर हेमा कुमारी (94.40त्न) रहीं। 91त्न से ऊपर लाने वाले भैया बहनों का नाम इस प्रकार है - चंद्रकला कुमारी, श्रुति कुमारी, हेमा कुमारी, पवन कुमार, रचित कुमार, लव कुमार, विनीता कुमारी, संजीत कुमार, अर्चना कुमारी, रानी कुमारी, अंजना कुमारी, वीना कुमारी और पवन कुमार महतो। झारखंड अधिविध परिषद के मैट्रिक परीक्षा में विद्या मंदिर बड़की चाँपी के कुल 58 भैया बहन में से 56 प्रथम श्रेणी से एवं दो द्वितीय श्रेणी से सफल रहें। भैया बहनों ने शत प्रतिशत परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल से पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद, संरक्षक धनंजय प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, उपाध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समस्त सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य मेनोहर मोदी सहित आचार्य आचार्या ने भैया बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# लोकसभा प्रत्याशी ने किया प्रखंड का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** पलामू संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईया का गुरुवार को खरौंधी प्रखंड में आगमन पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ममता भुईया ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि मुझे महा गठबंधन की ओर से पलामू लोकसभा संसदीय सीट से सेवा करने का मौका दिया है। मैं उन सभी महागठबंधन के सम्मानित लोगो को जिन्होंने मुझे ये दायित्व सौंपा है। उन लोगो को हार्दिक बधाई एवं हार्दिक अभिनंदन करती हूं। साथ ही साथ उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील किया है कि एक बार मुझे सेवा करने का मौका मुझे जरूर दें। जिससे आपकी बातों को तथा मूलभूत समस्याओं को सदन में उठाकर कार्यो को अच्छी एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर सकू। मौके पर जेएमएम के नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, ताहिर अंसारी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, खरौंधी मुखिया कृष्णा साह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेत में फसल बर्बाद करने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, कई लोग गंभीर रूप से हुए घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झीको चट्टी गांव में शुक्रवार को मवेशी द्वारा खेत में फसल बर्बाद करने को लेकर दो पक्ष में विवाद उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई। जिसमें कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है। झीको में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज किया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि झीको गांव निवासी अनिल उरांव का मवेशी मुनेश्वर महतो के खेत में फसल को नुकसान पहुंचाया है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। इस घटना के बाद झीको गांव निवासी मुनेश्वर महतो ने भंडरा थाना में कांड संख्या 18/2024 धारा 341, 323/42, 504, 307/34 भादवि के तहत अनिल उरांव तथा अनिल उरांव की पत्नी के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जबकि दूसरे पक्ष अनिल उरांव ने भी भंडरा थाना में कांड संख्या 19/2024 341, 323, 504, 506, 324, 326, 307/34 भादवि के तहत मुनेश्वर महतो, उसकी बेटी, बेटा व भाई के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मामला को लेकर भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## विद्या मंदिर जपला में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पी.एन.सिंह, आंनद सिंह,सीएचओ प्रीति रानी, राधिका कुमारी, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पी.एन.सिंह ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवा वितरित की। स्वास्थ्य परीक्षण में 200 से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों ने भैया-बहनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सा पदाधिकारी ने अपने उदबोधन में कहा कि एक से 19 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।दो साल तक बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजोल दवा पेट में कीड़ों को समाप्त करने के लिए दी जाती है।पेट में अधिक कीड़े होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्के से चक्कर आ सकते हैं।बच्चों से फास्ट फूड एवं पैकिंग के भोजन से बचने की सलाह दी। विद्यार्थियों को शरीर को स्वस्थ्य रखने के टिप्स भी दिए। उन्होंने बताया कि अस्वस्थता का मुख्य कारण मानसिक तनाव है। हमें किसी भी कार्य को प्रसन्नतापूर्वक करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने स्नेहपूर्ण ढंग से शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने की सराहना की।सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के शिविर लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, शशि कुमार, अभिषेक पाठक, छाया कुमारी, दीपक पाण्डेय सहित सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

# एम.एस.ए स्कूल में नए प्राचार्य एम.एस मण्डल ने किया पदग्रहण

➲सभी सुविधाओं के साथ कम फीस में पढ़ाई का बेहतर माहौल देना लक्ष्य : शफीक अंसारी सर

➲ऐसा शिक्षा दूंगा जिससे एम.एस.ए स्कूल के बच्चों का हर क्षेत्र में बनेगा विशेष पहचान : एम.एस मण्डल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर से सटे पोखराहा खूर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नए प्राचार्य एम.एस मण्डल ने पदभार ग्रहण किए। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन शिक्षाविद् शफीक अंसारी सर, पूर्व प्राचार्या सुनिता प्रसाद, उप प्राचार्य अफज़ल शफीक सहित सभी शिक्षकों ने मण्डल सर को फूलों की माला, गुलदस्ता और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित बच्चों ने स्वागत करते हुए नृत्य, स्वागत गीत और भाषण जैसे अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और मण्डल सर में खूब फूलों की वर्षा किए। इस दौरान नए प्रधानाचार्य एम.एस मण्डल सर ने कहा कि एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के बच्चों को ऐसी शिक्षा देने का प्रयास करूंगा कि यहां के बच्चों का हर क्षेत्र में विशेष पहचान बन जाएगा। उन्होंने कहा इस स्कूल के संस्थापक शफीक अंसारी सर निरक्षर गरीब किसान का बेटा होते हुए इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं और गरीबी झेलते हुए शिक्षा क्षेत्र की उच्चतम डिग्री नेट जेआरएफ जुनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं तो आप सब इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चें भी अपने लक्ष्य को परिश्रम और मेरे मार्गदर्शन के बदौलत आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षकों संग पहली बैठक लेते हुए स्कूल में बेहतर इंग्लिश मीडियम शिक्षा मुहैया कराने पर बल दिए और 80 फीसदी उपस्थिति पूरा करने का भी निर्देश दिए। इस दौरान स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक ने कहा मेदिनीनगर के बच्चों को कम फीस में बेहतर शिक्षा मुहैया कराना हमारा शुरू से लक्ष्य रहा है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा मण्डल सर काफी अनुभवी प्रिंसिपल है इनके मार्गदर्शन में स्कूल और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का जरूर विकास होगा, जरूरत है आप सभी को इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की। कार्यक्रम का अध्यक्षता पल्लवी सिंह और मंच संचालन किशन सर कर रहे थें। कार्यक्रम के अंत में पुर्व प्राचार्य ने जानकारी देते हुए कहा कि नए सत्र में नामांकन प्रारंभ हैं और यहां के बच्चों को निशुल्क नवोदय, नेतरहाट व सैनिक स्कूल का तैयारी करवाई जाती है, इच्छुक अभिभावक एडमिशन के लिए स्कूल में या सम्पर्क सूत्र 7541066035 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में शुक्रवार को संकुलाधीन सभी उच्च विद्यालयो के प्रधानाध्यापकों की बैठक सीआरपी की अध्यक्षता में सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में शुक्रवार को संकुलाधीन सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्यविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक सीआरपी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीआरपी ने प्रयास-सह- प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने निर्देश दिया। उन्होंने चार हाउस का निर्माण, बाल-संसद का गठन करने, विभिन्न क्लबों का गठन, चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन, जिसमें हाउस वाइज बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एवं प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन दिन व्यायाम एवं योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना, बच्चों का पोशाक, नाखून, स्वच्छता की जांच करना, बच्चों, शिक्षकों तथा महापुरुषों का जन्म दिवस मनाना, पुण्यतिथि पर महापुरुषों को याद करना, कक्षा-कक्ष की सफाई सहित अन्य कार्यो की जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका से सम्पर्क कर यह रिपोर्ट तैयार कर लें कि प्रथम वर्ग में कितने बच्चों का नामांकन करना है। इसी तरह मध्य विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय से तथा उच्च विद्यालय पोषक क्षेत्र के मध्य विद्यालय से इस वर्ष उतीर्ण होने वाले बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में द्वारिका नाथ पांडेय, राजनाथ राम, संजय शुक्ल, नन्दलाल पांडेय, उदय कुमार, रागिनी रवानी,रुबी कुमारी, अशोक कुमार ठाकुर, सुग्रीव राम, जगरनाथ राम, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे.

## पथरा गांव की ब्यूटी कुमारी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर माता पिता का नाम रौशन किया

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड बोर्ड 10 वीं का परीक्षा में सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पथरा की ब्यूटी कुमारी ने प्रथम स्थान 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंपने माता पिता का नाम रौशन की है। ब्यूटी ने बताया कि मेरे सफलता के पीछे मेरी माता पिता से प्रेरणा मिली और मैं अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण की हूं। जिसके कारण मैं आज अच्छे अंक के साथ सफलता मिली है। ब्यूटी के माता सीमा पासवान स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं और पिता हुसैनाबाद में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। ब्यूटी ने बताई की मैं एक डॉक्टर बनना चाहती हूं।

## दो अलग अलग अगलगी की घटना में लाखों का नुकसान, एक का जला घर तो दूसरे का जला गेंहू का फसल

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के उरद्वार मंजुरहा पंचायत के मंझौली गांव निवासी महाबल साव के घर मे आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया।वही दूसरी ओर पथरा पंचायत के चनकर कस्तूरी गांव के टोला हदना में अवधेश सिंह खेत मे आग लगने से करीब 42 डिसमिल में लगे गेंहू की फसल जल कर खाक हो गया।

**संक्षिप्त खबरें**

## रांची में तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, चालक गिरफ्तार

**रांची :** तुपुदाना के पुराने ओपी के पास मुख्य सड़क पार करने के दौरान शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान तुपुदाना निवासी रीता प्रसाद के रूप में हुई है। वह दुर्गा प्रसाद साहू की पत्नी थी। घटना के बाद आनन-फानन में घायल महिला को पारस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में कार चालक आकाश कच्छप को गिरफ्तार कर लिया है। चालक मूल रूप से रांची के चुटिया थाना स्थित धूमसा टोली का रहने वाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा और एक लाख का जुर्माना

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आठ अगस्त 2021 को सिकिदरी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सड़क पर चेकिंग की, तो पुलिस को देखकर आरोपित कार छोड़ कर भाग गया था। पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था। गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपित तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किया गया था। जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे।

# 26 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन सिन्हा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सासाराम (बिहार) से एक व्यक्ति ब्राउन सूगर (मादक पदार्थ) लेकर राँची, सुखदेवनगर क्षेत्र में सप्लाई करने आ रहा है। इस सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची राजकुमार मेहता के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद उक्त सूचना का सत्यापन के क्रम में सूचना मिला कि आकाशवाणी रातू रोड के पास कुछ लोग ब्राउन सूगर का खरीद-बिक्री करने वाले है। इस पर वहाँ पहुँचने पर कुछ लोग भागने लगा। इसमें से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति का विधिवत तलाशी लिया




गया तो उसके पास से ब्राउन सूगर बरामद किया गया है। नाम पता पूछने पर वह अपना नाम पिन्टु साह उम्र-36 वर्ष, लाहुआरा, थाना-करगहर, जिला-रोहतास, बिहार बताया। उनसे ब्राउन सूगर का खरीद-बिक्री का अनुज्ञप्ति माँगा तो उनके पास नहीं पाया। पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि वह सासाराम से राँची में ये लोगों को मादक पदार्थ (ब्राउन सूगर) सप्लाई करता है और बीच-बीच में राँची लाकर भी देता है। कुछ लोगों को सासाराम से राँची में ब्राउन सूगर लेकर देने आया था। बताया गया कि 26 ग्राम का ब्राउन शुगर की किस्मत करीब पांच लाख रुपए की होगी। पुलिस अभी और बड़े गैंग तक पहुंचने के करीब है।

**काण्ड में बरामद सामानों की सूची:** 01 पारदर्शी प्लास्टिक में ठोस नशीला पदार्थ ब्राउन शूगर जिसका वजन 26 ग्राम एवं एक ब्लु रंग का नोकिया कंपनी का 8581044108 लगा हुआ। किपैड मोबाईल बाईल जिसमें एयरटेल कपनी का सीम नंबर

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम:** प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची, डुसरू बानसिंह, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), राँची।

पुनि सह थाना प्रभारी, मनोज कुमार, सुखदेवनगर थाना,पुअनि विश्वजीत कुमार सिंह, सुखदेवनगर थाना, राँची।

पुअनि बबलु बेसरा, सुखदेवनगर थाना राँची।

# हॉकी रांची लीग आज से शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** करीब बीस सालों बाद बीस अप्रैल से हॉकी रांची लीग शुरू होने जा रहा है। यह मैच मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लीग शुरू होगी। इस लीग मैच में 18 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें पुरुषों की 12 और महिलाओं की छह टीमें शामिल हैं। पुरुषों की टीम को दो अलग-अलग पूल में रखा गया है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूर्नामेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि दूसरे चरण की तिथियों की घोषणा नौ मई के बाद की जायेगी।प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। शनिवार को दोपहर दो बजे से पुरुष वर्ग के पहले मैच में बापू क्लब व रेलवे की टीम आमने-सामने होगी। वहीं, शाम चार बजे से महिला वर्ग के मुकाबले में सुपर क्वीन वीमेन क्लब का सामना साइ रांची से होगा।



**ये टीमें हैं शामिल:** पुरुष वर्ग : पूल ए : बापू क्लब, फगुआ इलेवन, इंडोर हॉकी, एजी झारखंड, प्रभात तारा स्कूल धुर्वा व रेलवे। पूल बी : एनटीएचए जमशेदपुर, हॉकी गुमला, झारखंड इलेवन, हुलहुंडू ब्रदर्स, सिनी खूंटी व जादुर अखाड़ा खूंटी। महिला वर्ग : सुपर क्वीन वीमेन क्लब, हॉकी गुमला, सीएम स्कूल एक्सीलेंस बरियातू, सिनी खूंटी, न्यू राइजिंग स्टार हुलहुंडू और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) रांची की टीमें भाग ले रही हैं।

**जिला संघों को 10-10 लाख देगा हॉकी झारखंड:** दूसरी ओर, हॉकी झारखंड की गांवों और छोटे शहरों में हॉकी को बढ़ावा देने की योजना है। इसके लिए हॉकी झारखंड की ओर से सभी जिला संघों को 10-10 लाख रुपये अनुदान और हॉकी किट दिये जाने की योजना है।

**30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग:** हॉकी झारखंड की मेजबानी में रांची में 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी। 10 मई तक चलनेवाली लीग में हॉकी झारखंड समेत आठ राज्यों हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें भाग लेंगी।

## 11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप आज से शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल को मिली है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में कुल 54 स्वर्ण पदक दाव पर होंगे। पांच साल से 45 साल तक के खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग एवं वज़न वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे।प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होंगी।

## एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित की जमानत याचिका खारिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के




खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी। मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। उल्लेखनीय है कि कारोबारी कमल भूषण की हत्या साल 2022 में रातु रोड के गैलेक्सियां मॉल के पास गोली मारकर की गई थी। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित कई आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में (कांड संख्या 238/2022) दर्ज कराया गया था।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बारियातू के छात्रों ने मारी बाजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** (जैक ) झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड द्वारा मैट्रिक का परीक्षा 6 फरवरी से आयोजित हुआ था जिसका परिणाम 19अप्रैल को आया है। जिसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बारियातू रांची की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में मधु कुमारी 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर मनीषा कुमारी 84.40 प्रतिशत तथा काजल किंडो एवं वनिता महतो 83.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की, 2023 24 में कुल 180 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमें 71 प्रथम श्रेणी से तथा 65 द्वितीय श्रेणी से सफल हुई है।




**परिणाम संतोषजनक:** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बालिका बरियातू के प्रभारी प्राचार्य दीपक कुमार ने कहा कि विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक है। हालांकि परिणाम और बेहतर आने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि अगले साल विद्यालय का परिणाम 100त्न करने का भरसक प्रयास किया जायेगा।

## देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं, मोदी की गारंटी पर है: मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने के लिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। बाबूलाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग



राज्य बनाने से लेकर गांव, गरीब, किसान सभी की सेवा के लिए भाजपा संकल्पित है। मोदी सरकार ने गांव,गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने के लिए लग जाने का आह्वान किया।मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके नेतृत्व में आए संजय मेहता, शिवशंकर राय, मनोज यादव, पिंटू यादव, रामदेव मेहता, दिनेश यादव, बैजू तिवारी, प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव, राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी, विजय कुमार, विजय कुमार, रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी, प्रियंका रानी, संजय मेहता सहित सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना : दिनेश यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप रांची की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हेहल स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में बेहतर मतदान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता पर चर्चा की गई। बूथ संख्या



77-87 पर मतदान प्रतिशत कम होने के कारण पर विचार विमर्श करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ तक लाने पर चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। ÷लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना÷ का अनुपालन करते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें सपरिवार वोटिंग और वोट के दिन रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ मतदान केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के निर्माण में एक वोट के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें मतदान के दिन सपरिवार वोटिंग के लिए प्रेरित करें।

## एमएस कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मौलाना आजाद कॉलोनी रांची के एमएस कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वीं के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। कार्मेल बालिका उच्च विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा अलीशा परवीन पिता मोहम्मद कुर्बान ने 94.60 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। साथ ही शिफा हयात ने 92 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर छात्र में मोहम्मद अफरोज आलम पिता मोहम्मद खैरूद्दीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर आसीसी विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

साथ ही अन्य छात्रों का भी बेहतर रिजल्ट रहा है। एमएस कोचिंग सेंटर के संचालक इमरान सर ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वाले 1011 लोगों का कटा चालान

**रांची।** ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ट्रैफिक एसपी के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 1011 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 241, 246,135, 203 और 186 चालान शामिल है।ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है।

## क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी मामले में अगली सुनवाई चार मई को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालकों की ओर से करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई की अगली तिथि चार मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 20 मार्च को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास को समन जारी किया था। साथ ही शिकायतकर्ता



महेंद्र सिंह धोनी को सात दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया था। महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है। मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास पर धोनी ने विश्वासघात करने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपितों ने साल 2017 में धोनी को बताया था कि वे लोग धोनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलेंगे। इसके बदले उन्हें फेंचाइजी फीस देने की बात भी कही गई थी। इसके बाद इन लोगों ने देशभर में महेंद्र सिंह धोनी के नाम पर संस्थाएं खोलना शुरू कर दीं लेकिन इसके बारे में उन्होंने धोनी को कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें एग्रीमेंट के अनुसार पैसे भी नहीं दिए गए। इसके बाद 15 अगस्त, 2021 को एमएस धोनी ने उनके साथ हुआ करार खत्म कर दिया। इसके बावजूद वह एमएस धोनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलते रहे। इसके बाद इन्हें नोटिस भी भेजा गया लेकिन ये लोग इसे रोक नहीं रहे थे। इसके बाद उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। मामले में मिहिर दिवाकर गिरफ्तार हो चुका है।

## बीजेपी को उखाड़ फेंकने के लिए ये रैली जरूरी : इंडियन अलायंस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को इंडियन गठबंधन ने संयुक्त रूप से बैठक किया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा जेएमएम के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की महारैली का आयोजन होना है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रभात मैदान को हमलोगों ने इसलिए चुना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग कार्यक्रम मे इसी प्रभात तारा मैदान में आए थे। अब इसी मैदान से केंद्र सरकार को उखाड़ने का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महारैली में शामिल होने के लिए लोग सुबह से ही दूर-दूर से पैदल चल कर आयेंगे। वहीं राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि दो साल से वेतन से वंचित चल रहे एचईसी कर्मी व मजदूर भी रैली में शामिल होंगे। फल, सब्जी बेचने वाले भी आयेंगे। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है। इस रैली से




बीजेपी की केंद्र सरकार को उखाड़ने का उलगुलान होगा।आप पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधि सौरभ ने कहा किसी महारैली में दो शेरनियों की दहाड़ सुनने के लिए सिर्फ झारखंड राज्य से ही नहीं बल्कि पूरे देश से लोग आयेंगे।

**कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है।**

## अयोध्या रामलला का दर्शन नहीं करने वालों को सनातन के बारे में बोलने का अधिकार नहीं: आदित्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग काफी बौखलाहट में हैं। देश की जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के लोग सनातन विरोधी है। ये लोग समय समय पर सनातन विरोधी बात बोलकर देश के सनातन समाज की भावना को आहत को ठेस पहुंचाते एवं चिढ़ाते रहते हैं। आदित्य साहू शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि 500 वर्षों से प्रभु श्रीरामलला एक झोपड़ी में विराजमान थे। राम मंदिर निर्माण की उम्मीदों में 500 वर्षों में कितनी पीढियां खप गईं। इतने वर्षों के संघर्षों के बाद एक गरीब मां का बेटा, चाय वाला का बेटा भारत मां का बेटा नरेन्द्र मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बना और रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। साहू ने कहा कि देश-दुनिया के सनातनी समाज के लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने लाखों की संख्या में प्रतिदिन जा रहे है लेकिन इंडी गठबंधन के लोगो को आमंत्रण देने के बाद भी अयोध्या रामलला का भव्य मंदिर दर्शन करने नहीं जा रहे हैं।

इंडी गठबंधन के लोग राम मन्दिर नहीं जा सकते तो उनको सनातन के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है।साहू ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों ने इंडी गठबंधन के लोगों को पहले भी औकात बता चुके हैं। लोकसभा चुनाव में सनातन समाज इन लोगों को फिर इनकी औकात बताने का काम करेगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को महात्मा हंसराज जी की 160वीं जयंती समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई।इस मौके पर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने द्विप प्रज्जवलित कर किया।जिसके बाद प्राचार्य आरबी प्रसाद सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से महात्मा हंसराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि महात्मा हंसराज आर्य समाज और डीएवी के महापुरुष थे,जिन्होंने समाज सुधार के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान दिया था।उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।इस मौके पर स्कूल के धर्म शिक्षक ओपी यादव के द्वारा सामूहिक रूप से हवन कराया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा छः की छात्रा वैदेही रंजन और वर्तिका रंजन ने महात्मा हंसराज जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।इस मौके पर उपस्थित सभी शिक्षक और बच्चों ने उनके कार्यो को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर प्राचार्य आरबी प्रसाद,एके लाल,एसके पाण्डेय,एके शर्मा,एके घोष, आरआर दत्ता,जीएसपी शर्मा, सुदिप्ता डे,सीएस सिंह,एपी द्विवेदी,आभा खन्ना,सुरैश कुमार,मोहम्मद शाहिद, सुमित कुमार,फिरोज आलम सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## मांडर में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मांडर में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आज केंद्र के भाजपा सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप आज हम विश्व की पांचवी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था के रूप में आगे आए हैं उन्होंने कोरोना काल में केंद्र सरकार के द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया ,साथ ही केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल उतारने के लिए प्रेरित किया , साथ ही कहा कि हमे अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करने के लिए बूथ स्तर से ही प्रयास करने की आवश्यकता है आप सभी अभी से अपने स्तर से इसमें लोगों को जागृत करते हुए जुट जाये उन्होंने राज्य की वर्तमान सरकार को भी जमकर निशाना बनाया आज हमे अपने गांव मोहल्ले में घूम घूम कर आदिवासी को भी भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने को कृतसंकल्प होना होगा मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचारों के माध्यम से पार्टी के विस्तार पर विचार विमर्श किया गया मौके पर लोकसभा चुनाव प्रभारी सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, ओम सिंह, अरविंद सिंह, भोगेन सोरेन, करमा उरांव मांडर मंडल अध्यक्ष खड्डी उरांव, विष्णु नन्द तिवारी, राजनाथ सिंह, मुकेश प्रसाद, रामबालक ठाकुर, अशोक नन्द तिवारी रहमानअंसारी, शमशेर खान,के अलावे अन्य मौजूद रहे इस दौरान कार्यक्रम का संचालन मांडर मंडल अध्यक्ष खड्डी उरांव के द्वारा किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन राजनाथ सिंह के द्वारा किया गया।

## रनिया के गोइलकेरा में सरहुल पर्व मनाया गया



**रनिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रकृति पर्व सरहुल रनिया के गोइलकेरा बगीचा में शुक्रवार को सरहुल मिलन समारोह आयोजित किया गया समारोह में अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बिरेन कंडुलना मुखिया रीमिक्स कंडुलना जोन कंडुलना ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शुरेश कोंगड़ी समाज सेवी जयराम कंडुलना ज्योति कांशी सहित अन्य शामिल रहे इससे पहले पहन मंगरा पहन ने सिंग बोंगा की पूजा अर्चना कर छेत्र में सुख समृद्धि की कामना की वहीं गोइलकेरा दाहू सिदम लोटा टोली समरलेटा के खोहडा दलों के लोगों ने अखाड़ा में नृत्य प्रस्तुत किए।

## स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर मतदाताओं को किया गया जागरूक



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम% की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया।

इसके अलावा जिले के शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

**जिले के अस्पतालों में ली गई मतदाता प्रतिज्ञा :** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जीपी उच्च विद्यालय हेसल के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में मारी बाजी

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हेसल पंचायत स्थित जी. पी मध्य और उच्च विद्यालय हेसल खोपी सरना के विद्यार्थियों ने मेट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता हासिल की है । संध्या कुमारी (448) 89.60त्न अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी, इन्हे हिंदी में 86, अंग्रेजी 86 गणित 91 विज्ञान 93 समाजिक विज्ञान 87 और संस्कृत 91 अंक प्राप्त किया । राहुल कुमार महतो (446) 89.20त्न अंक लाकर द्वितीय टॉपर बना इन्हे हिंदी मे 84 अंग्रेजी 95 गणित 83 विज्ञान 94 समाजिक विज्ञान 82 और संस्कृत मे 90 अंक प्राप्त किया । रिया कुमारी (443) 88.6त्न अंक लाकर तृतीय टॉपर बनी इन्हे हिंदी 85 अंग्रेजी 89 गणित 94 विज्ञान 91 समाजिक विज्ञान 84 और संस्कृत मे 83 अंक प्राप्त किया । विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी एवं प्राचार्य बृजेश कुमार महतो ने सफलता के श्रेया सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षिकेत्र कर्मचारियों को दी । सभी को सफलता का बधाई एवं सभी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना करता हूं ।

## ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत के बरटोली गांव निवासी 22 वर्षीय सोमनाथ उरांव पिता गुमदा उरांव दो महीना पूर्व गोवा काम करने के लिए गया था। ट्रेन से वापस घर आने के क्रम में रायगढ स्टेशन पर एक्सीडेंट के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी जुलिया उरांव ने बतलाया कि मेरी शादी सोमनाथ उरांव से हुई है। जिससे मुझे दो बच्चे हैं, बड़ी लड़की तीन साल की है, छोटा बेटा डेढ़ साल का है। मेरे पति सोमनाथ गांव के साथी बिमलेश के साथ लोहा फैक्ट्री में काम करने के लिये गया था। मुझसे और बच्चों से प्रतिदिन फोन व विडियो कॉल से बात होती थी। 15 अप्रैल को वापस घर आने के लिए ट्रेन में बैठे तब भी बात हुई। वहीं 17 अप्रैल को मेरे मोबाईल पर जीआरपी थाना रायगढ़ से फोन आया कि मेरे पति का रेलवे स्टेशन रायगढ़ में ट्रेन से एक्सीडेंट होकर मौत हो गया है। मुझे मेरे पति का फोटो भी भेजे। मैंने यह बात तुरंत ही अपने घर में बतायी। इधर पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव, वार्ड सदस्य सन्नी उरांव,भाई सोनु द्वारा शव लाने हेतु व्यापक प्रबंध की गई और शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए सरकार के सभी जनकल्याण कारी योजनाओ का लाभ दिलाने की बात कही। मृतक घर का एक कमाऊ व्यक्ति था। शव घर पहुंचने पर पत्नी तथा दो छोटे-छोटे बच्चे तथा घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## वोट सॉलिड, देश सॉलिड अभियान शुरू किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बांगुर सीमेंट ने आगामी चुनावों के दौरान देश भर के नागरिकों को अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक अभूतपूर्व मल्टीमीडिया अभियान शुरू किया है। वोट सॉलिड, देश सॉलिड शीर्षक वाला यह अभियान अत्यधिक सफल सॉलिड घर अभियान का अगला भाग है और इसका उद्देश्य एक मजबूत और लचीले राष्ट्र को आकार देने में प्रत्येक व्यक्ति के वोट के महत्व को रेखांकित करना है।यह अभिनव अभियान बांगुर सीमेंट के साथ एक ठोस घर बनाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र की मजबूती में योगदान देने के बीच समानताएं दर्शाता है। प्रसिद्ध बॉलीवुड स्टार सनी देओल के नेतृत्व में, यह अभियान नागरिकों से राष्ट्र के भविष्य पर अपने वोट के प्रभाव को पहचानने का आग्रह करते हुए एक शक्तिशाली संदेश देता है।

## मैट्रीक परीक्षा मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।स्कूल से कुल 122 छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 73 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी,46 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और तीन विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के बच्चों का परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा। स्कूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्राची कुमारी 460 अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी है।वही 451 अंकों के साथ टिवंकल कुमारी दूसरे और 445 अंकों के साथ सोनम कुमारी तीसरे स्थान पर रही।इसी तरह रिमझिम कुमारी 438 अंक, वंदना कुमारी 436 अंक,रिया रानी 435 अंक,अंशु कुमारी 434 अंक,पूजा कुमारी 432 अंक,दीपिका कुमारी 430 अंक,नंदनी कुमारी 428 अंक,रंजन कुमार 428 अंक, नोजीत कुमार 428 अंक, पम्मी कुमारी 425 अंक, विकास कुमार 425 अंक, उर्वशी कुमारी 425 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विषयवार में टिवंकल कुमारी हिंदी में 92 अंक,उर्वशी कुमारी अंग्रेजी में 92 अंक,विकास कुमार गणित में 96 अंक,प्राची कुमारी विज्ञान में 94 अंक और सामान्य विज्ञान में 86 अंक,सोनम कुमारी संस्कृत में 94 अंक प्राप्त किया है।बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने परीक्षा में सफल सभी बच्चों को बधाई दी है और आगे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की है।इसके साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी स्कूल के सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

## कोयलांचल के पुरानीनराय में लाठी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय मे रामनवमी झंडा के अवसर पर लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में हाहेटाड़,जोबरो, सामुटोंगरी,अंम्बाटाड़,कोरोजतोरा,ठरहा बस्ती,गुणागड़ा, पुरनीराय,बमने,मनातु एवं डुंडु से बजरंग दल की लाठी खेल प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में शानदार लाठी खेल का प्रदर्शन करते हुए हाहेटाड़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जिसके लिए टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो,खलारी थाना के सहायक अवर निरीक्षक सहदेव महतो,अर्जुन महतो, एतवारा महतो,जगदीश महतो,नरेश महतो,समलाल महतो,तारकेश्वर महतो, सिकंदर महतो,धर्मनाथ महतो,रामेश्वर महतो,मोहन महतो,संदीप कुमार,प्रकाश कुमार,संजय महतो,कामेश्वर महतो,संजय रजक, रविशंकर सहाय,दिलेश्वर महतो,शंकर महतो,चमन महतो,मनोज महतो, सुखनाथ महतो,विश्वनाथ महतो,सोहन महतो मंतोक महतो के साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी की छात्रा मुस्कान कुमारी पाण्डेय ने 96% लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया




**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी की छात्रा मुस्कान कुमारी पाण्डेय 96% अंक के साथ उत्तीर्ण होकर इस साल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय टॉपर बनी। इस साल दसवीं बोर्ड परीक्षा में 196 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 181 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 15 छात्र- छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान पाने वालों में सिंगपुर निवासी मुस्कान कुमारी पाण्डेय 96%, द्वितीय स्थान पर रोहित कुमार महतो 95%, एवं तृतीय स्थान पर नीलम कुमारी 95त्न लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की इस सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य श्री तुलसी दास महतो एवं विद्यालय के निर्देशक श्री शोभाराम महतो ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा बड़ी ही धुमधाम एवं हर्षोल्लाष के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक ढाक की आवाज़ से क्षेत्र गुंजामय रहा।गुरुवार को टुंगरी पहाड़ पर विराजी मां दुर्गा का पुरोहित द्वारा विधिवत दशमी पुजा सम्पन्न होने के बाद नव पत्रिका का विर्सजन मुरी स्वर्ण रेखा नदी पर किया गया।शाम के समय सिंदूर खेला के साथ मां का विधिवत रुप से विर्सजन किया गया।एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुजा को सफल बनाने में कमिटी का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## कांग्रेस नेत्री पुनम तिर्की के निधन पर किया शोक व्यक्त

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मसमानों निवासी कांग्रेस नेत्री सह रांची जिला महिला कांग्रेस कमिटी महामंत्री पूनम तिर्की का 13 अप्रैल को ह्रदय गति रूकने से निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया. ज्ञात हो कि कांग्रेस नेत्री पूनम तिर्की विगत कुछ वर्षो से गुमला चैनपुर में समाजसेवा के कार्य पर जुड़कर कार्य कर रही थी जिसका अचानक 13 अप्रैल को तबियत बिगड़ने के कारण बरनावास अस्पताल रांची ले जाते क्रम ह्रदय गति रूकने से मौत हो गयी. जिसका मिट्टी काटांटोली कब्रस्तान रांची में किया गया. शोक व्यक्त करने वाले में कांग्रेस खूंटी लोकसभा प्रत्यासी काली चरन मुंडा, कांग्रेस कार्यकर्ता परवेज खान, अशोक भगत, मनान अंसारी, विनोद भगत, नईमउद्दीन खान, विकास भारती, जगदिश महतो, रवि मिश्रा, कृष्णा चौधरी, प्रदीप देवघारिया, ओम प्रकाश मिश्रा, संयूम अंसारी, अल्बर्ट होरो, युसूफ खान, रामसिंग भगत, एगनेश होरो, अफजल मिरयासी, वासीफ रजा, रईस फातिमा रजिया सुल्ताना के अलावे अन्य लोगों शोक व्यक्त करने में मौजूद रहे।

## कोयलांचल के किरीगढ़ा मे कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के ग्राम किरीगढ़ा में श्री श्री 1008 शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शुक्रवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।जानकारी के अनुसार यज्ञ स्थल से कलश यात्रा की शुरुआत की गई जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नदी पहुंची,जहां पूजा अर्चना के बाद विधिवत कलश में जल भरा गया। जिसके बाद कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर कलश की स्थापना की।कड़ी धुप और उमस भरी गर्मी के बावजूद कलश यात्रा में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।इधर बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी कलश यात्रा मे शामिल हुई।

इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद का यज्ञ समिति के द्वारा भगवा वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद भी श्रद्धालु भक्तों के साथ कलश यात्रा में शामिल होकर गांव का भ्रमण कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की।इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र राज्य और देश की खुशहाली और सुख शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया जाता है।साथ ही ग्रामीण इलाकों में महायज्ञ होने से लोगों को धार्मिक ज्ञान मिलता है।उन्होंने क्षेत्र राज्य और देश की सुख शांति उन्नति और खुशहाली की कामना की।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,उमेश यादव,सुरेन्द्र करमाली,आलोक महतो, बसंत गुप्ता,तेजनाथ महतो, संतोष महतो,विजय महतो के अलावा यज्ञ समिति के भुवनेश्वर महतो,राजेश महतो,फुलेश्वर महतो,रामेश्वर महतो,सरवन महतो कृष्णा महतो,गणपति महतो सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## खूंटी में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव संपन्न

## झांकी में क्रांतिकारी युवा मोर्चा खूंटी व अस्त्र शस्त्र में वर्दी मेरा जुनून की महिला टीम ने मारी बाजी, मिला प्रथम पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ गुरूवार देर रात संपन्न हो गया। नेताजी चौक में रात भर चली इस भव्य व प्रतिष्ठा मूलक प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में अखाड़े व खिलाड़ी शामिल हुए। मौके पर विजेता मंडलियों को पुरस्कृत करते हुए महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत एवं कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। हमें श्रीराम के आदर्शो को अपनाना चाहिए। सुबह तक चले इस अस्त्र शस्त्र चारण प्रतियोगिता में अतिथि मंडलियों में श्री महावीर मंडल कडरू रांची को प्रथम, सरना समिति पुंदाग रांची को द्वितीय एवं फ्रेंड क्लब बड़कागढ़ रांची को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि स्थानीय मंडलियों में वर्दी मेरा जुनून की महिला टीम को प्रथम,यंग स्टार क्लब मोहना टोली एवं जयश्री तुलसी मंडली शिवालय रोड खूंटी को द्वितीय एवं युवा क्रांति मंडली रेवा को तीसरा पुरस्कार मिला। झांकी में प्रथम स्थान क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली खूंटी, मिलन क्लब को द्वितीय स्थान, यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी की झांकी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वही नगर सज्जा के लिए प्रथम पुरस्कार मिलन क्लब खूंटी, द्वितीय पुरस्कार राम सेवा समिति को मिला, तृतीय पुरस्कार यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी दिया गया। चार दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव में विशेष आकर्षण और सहयोग के लिए विशेष पुरस्कार महावीर मंडल भठठी रोड, विशाल शक्तिशाली युवा मोर्चा,न्यू स्वतंत्र महावीर मंडली दतिया एवं यंग मोनार्क क्लब नेताजी चौक खूंटी को दिया गया। वही पूरे आयोजन में अनुशासित तरीके से शामिल होने के लिए स्टार क्लब चौधरी तालाब खूंटी की मंडली को पुरस्कृतकिया गया। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में समिति के संरक्षक संजय मिश्रा और संजीव चौरसिया थे। इससे पूर्व अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ संरक्षक संजय मिश्रा ने तलवार भांजकर किया। कार्यक्रम का संचालन कुमार सौरभ,लव चौधरी एवं सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल, संरक्षक संजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष बजरंग बाहेती, मनीष भगत,दामोदर प्रसाद गुप्ता,श्रीराम साहू आदि ने सहयोग किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल कर बच्चों को किया जागरूक

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के गोबरघुसी स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मानगो प्रभारी ब्रजकिशोर पासवान की अध्यक्षता में आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आग से बचाव के



विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन विभाग मानगो के सदस्यों अजय कुमार, दिलीप कुमार साहू, विकास कुमार के नेतृत्व में सबसे पहले लकड़ी के ढेर में आग लगाकर कार्बन डाइऑक्साइड से बुझा कर दिखाया गया। इसके बाद दूसरी कड़ी में सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के तरीके बताए गए। इसके लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर चढ़ाते हुए आग बुझाकर दिखाया गया। गैस पाइप में आग लगाकर उसे काबू करके दिखाया गया। इस दौरान विधालय के कुछ बच्चों और शिक्षकों द्वारा भी आग बुझाया गया। मॉक ड्रिल के दौरान दिखाए जा रहे तरीकों पर उत्साहित स्कूली बच्चे बीच-बीच मे तालियां बजाते रहे। वहीं अग्निशमन मानगो दल के पदाधिकारी ब्रजकिशोर पासवान ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। आग लगने के बाद इस पर काबू पाने के तरीके बताए गए हैं। विद्यालय के डायरेक्टर शिवम कुमार शर्मा ने बच्चों को इस बात पर अमल करने को कहा। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए उन सबों का अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ग्रामीण पत्रकार विनोद कुमार दास का निधन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के करनडीह निवासी विनोद कुमार दास का निधन एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार सुबह में हो गया है। उनका पार्थिव शरीर को बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट में अंतिम संस्कार किया गया। विनोद कुमार दास हिंदुस्तान अखबार में अपना सेवा दिया। वहीं उन्होंने समाज की सेवा भी की है। मां तुझे सलाम संस्था ने उनके देहांत की खबर सुनकर शोक वक्त किया।



## दसवीं की परीक्षा में गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे हुए सफल

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के सभी बच्चे सफल रहे। इस स्कूल से कुल 71 परीक्षार्थी इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 61परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 10 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय, वाइस चेयरमैन रिंकू रॉय, सचिव शिप्रा पाल, प्रशासक रीमा बनर्जी तथा प्राचार्या किरण चोली ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## जुगसलाई के मो. मुबशिर 10वी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई पुरानी बस्ती के रहने वाले मो. इश्तीयाक का बेटा मो. मुबशिर आलम कक्षा 10, झारखंड बोर्ड में प्रथम स्थान लाया है। टोटल मार्क 354 है। जिसने अपने मम्मी और पापा का नाम रौशन किया है। मो. इश्तीयाक ने कहा आगे अपने बेटा



को साईस से तैयारी कराऊँगा। उसके पिता ने कहा कि जुगसलाई में संट चाईल्ड हाई स्कूल से पढ़ाई किया है। मो. मुबशिर ने कहा खुद को अपनी पढ़ाई की तैयारी करने के लिए टी.वी. और गेम से दूर रहा। मो. मुबशिर ने शुरू से ही इंजीनियर बनना चाहता है और इंजीनियर बनने की प्रेरणा नारायणा आई.आई.टी. एकेडमी से मिली। मो. मुबशिर आलम ने कहा इस सफलता में नारायणा आई.आई.टी. एकेडमी के शिक्षकों का अहम योगदान है।

## एनएसई 24 अप्रैल को करेगा निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लॉन्च

**जमशेदपुर :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा। एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार




मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। इस संबंध में एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा कि निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव की शुरूआत मौजूदा इंडेक्स डेरिवेटिव प्रॉडक्ट सूट का पूरक होगी। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स, शीर्ष बड़े और लिक्विड शेयरों वाले निफ्टी 50 इंडेक्स और शीर्ष बड़े और लिक्विड मिड केपिटलाइज्ड शेयरों वाले निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स के बीच की जगह का प्रतिनिधित्व करेगा। यह लॉन्च बाजार सहभागियों को निवेश उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के एनएसई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उम्मीद है कि निफ्टी नेक्स्ट 50 डेरिवेटिव्स इन कंपनियों की विकास क्षमता में निवेश चाहने वाले व्यापारियों की रुचि को आकर्षित करेगा। एनएसई द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सूचकांक घटकों का बाजार पूंजीकरण 70 लाख करोड़ है, जो 29 मार्च, 2024 तक एनएसई पर सूचीबद्ध शेयरों की कुल बाजार पूंजी का लगभग 18 प्रतिशत है। सूचकांक घटकों का कुल दैनिक औसत कारोबार 9,560 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 24 में नकदी बाजार के कारोबार का लगभग 12 प्रतिशत था। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स का निफ्टी 50 इंडेक्स के साथ 71 प्रतिशत सहसंबंध और 0.95 का बीटा मान है। वित्त वर्ष 2024 में इसका निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स के साथ 90 फीसदी का संबंध था.हाल ही में, एनएसई ने इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स (जनवरी 2022) और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स (जनवरी 2020) पर डेरिवेटिव अनुबंध पेश किए।

# जैक बोर्ड 10वीं में ओवरआल रिजल्ट में जमशेदपुर ने मारी बाज़ी

*- 94 प्रतिशत उत्तीर्ण छात्रों के साथ हासिल किया राज्य भर में प्रथम स्थान*




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य भर मे जैक बोर्ड द्वारा शुक्रवार कों मैट्रिक यानी 10 वी के परीक्षा के परिणाम घोषित कि है, जहाँ राज्य के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर हजारीबाग ज़िले के इंदिरा गाँधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय कि छात्राएँ काबिज रहीं, वहीँ राज्य भर के ओवरआल रिजल्ट मे जमशेदपुर ने बाज़ी मार ली है ओर 94.075 प्रतिशत रिजल्ट के साथ राज्य भर मे पास आउट होने वालों मे प्रथम स्थान हासिल किया है। इसपर जिला शिक्षा विभाग ने खुशी ज़ाहिर कि है, बता दें कि जमशेदपुर जिला मे कुल 21455 छात्रों ने मैट्रिक कि परीक्षा दी थी जिसमे कुल 20184 छात्रों ने सफलता हासिल कि है, जिसमे फर्स्ट डिविजन के 12716, सेकण्ड डिविजन के 6950 व थर्ड डिविजन के 518 छात्र छात्राएँ शामिल है, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि सभी के मिली जुली मेहनत का यह परिणाम है ओर इसका श्रेय छात्रों के साथ शिक्षकों कों भी जाता है. वैसे इस बार भी राज्य भर मे बालिकाओं का रिजल्ट अव्वल रहा है।

### जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में रोबिन, अनूप और संजय रहें पूर्वी सिंहभूम जिला के टॉपर

**जमशेदपुर :** जैक बोर्ड की परीक्षा में विवेकानंद हाई स्कूल साकची के छात्र रोबिन कुमार मुर्मू, बहरागोड़ा के पूरनापानी आदिवासी हाई स्कूल का छात्र अनूप टुडू और पोटका के अपग्रेडेड हाई स्कूल हेंसड़ा का छात्र संजय महाकुड़ जिला टॉपर रहे हैं. इन तीनों छात्रों ने 500 अंक में 484 अंक हासिल किए हैं. तीनों छात्रों को 96.8 प्रतिशत अंक मिले हैं. इसके बाद चार छात्रों ने 500 अंक में से 482 अंक हासिल किए हैं. इन सभी छात्रों का अंक प्रतिशत 96.4 है. इनमें एडीएल सोसायटी हाई स्कूल साकची के छात्र राकेश बसु भूमिज, सेंट जोसेफ हाई स्कूल गोलमुरी की छात्रा रिया राय, डीबीएमएस गर्ल्स हाई स्कूल जमशेदपुर की छात्रा श्रेया कुमारी और एलबीएस हाई स्कूल जयपुरा की छात्रा पूजा सेन शामिल हैं. बहरागोड़ा के पूरनापानी आदिवासी हाई स्कूल के छात्र हिमांगशु महतो ने 500 अंक में से 481 अंक हासिल किए हैं. उन्हें 96.2 प्रतिशत अंक मिले हैं।

## 96 प्रतिशत अंक के साथ एसएस प्लस टू हाई स्कूल का छात्र सुकदेव दत्त जिले के टॉप टेन की सूची में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची की ओर से शुक्रवार को जारी की गई वार्षिक माध्यमिक परीक्षा परिणाम में पूर्वी सिंहभूम जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं पटमदा प्रखंड के माचा गांव निवासी एवं एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा के छात्र सुकदेव दत्त ने 480 (96 प्रतिशत) अंक लाकर अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि वह शुरू से मेधावी छात्र रहा है और उम्मीद थी कि वह राज्य स्तर पर टॉप टेन की सूची में जरूर शामिल होगा लेकिन किसी कारणवश संभव नहीं हो सका लेकिन खुशी की बात है कि वह संभवतः जिले के टॉप टेन की सूची में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। सुकदेव के पिता स्वरूप दत्त कृषि कार्य के अलावा एक थोक व्यापारी के पास मजदूरी करते हैं। जबकि माता काकोली दत्त गृहिणी हैं। सुकदेव बताते हैं कि वह इंजीनियर बनना चाहता है हालांकि यह उतना आसान भी नहीं है। वह इंटर की पढ़ाई रांची में रहकर करना चाहता है। स्वरूप बताते हैं कि झारखंड सरकार की गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना गरीब बच्चों के लिए काफी सहायक साबित हो सकती है।

## श्री श्री पवन पुत्र बजरंग अखाड़ा सोनारी आदर्श के जुलूस में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री श्री पवन पुत्र बजरंग अखाड़ा सोनारी आदर्श नगर न्यू ग्वाला बस्ती द्वारा रामनवमी विर्सजन जुलूस निकाला गया। अखाड़ा में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह एवं साथ में विजय सिंह गिरि, अमित गिरी और जितेंद्र सिंह, भारत सिंह, शंभू सिंह, राम अवतार सिंह आदि लोगों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं। जुलूस में बस्ती के स्थानीय लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान सभी को सम्मानित किया गया।

## तालाब में नहाने गए सात वर्षीय बच्चे की डुबने से हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला थाना अंतर्गत जिलिंगबुरु गांव के तालाब में नहाने गए सात वर्षीय संजय बोदरा की डूबने से मौत हो गई।इस दुर्घटना के बाद परिजनों ने संजय को लेकर सदर अस्पताल सरायकेला पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध मिली जानकारी अनुसार जिलिंगबुरु गांव के महादीप बोदरा का बेटा सात वर्षीय संजय बोदरा घर में बिना किसी को बताए अपने दोस्तो के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह तालाब के गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा।संजय को डूबता देख उसके दोस्त वहां से डर कर भाग गए।कुछ देर बाद जब संजय के परिजनों ने उसकी खोज करने लगे तब उन्हे बच्चे के तालाब में नहाने जाने का पता चला।

## जैक बोर्ड में 95 प्रतिशत अंक लाकर तन्मय प्रधान बने प्रखंड टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** शुक्रवार को जैक बोर्ड का रिजल्ट जारी होते ही मैट्रिक परीक्षार्थियों का इंतजार खत्म हो गया। वहीं सरायकेला जिले के टॉप टेन सूची में तीसरा और राजनगर प्रखंड में प्रथम स्थान (टॉपर)लाने वाले शहीद निर्मल महतो स्कूल मेहेशकुदर के छात्र तन्मय प्रधान ने 95 प्रतिशत ,475 अंक लाकर राजनगर प्रखंड का नाम रौशन किया है। तन्मय प्रधान गेंगेरुली पंचायत के गंगाडीह गाँव का रहने वाला है। वहीं तन्मय प्रधान आगे चलकर साइंस की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहते



है। तन्मय के पिता पंकज प्रधान पेशे से किसान है, माता गृहणी है।तन्मय प्रधान अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को देते है।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल में व्यावसायिक कोर्स के विद्यार्थियों को बांटे गए प्रमाणपत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीईस व बीएडब्लू ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दर्जनों विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर बीडीओ एवं अन्य अतिथियों में मौजूद पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के प्राचार्य अरुण कुमार, व्याख्याता गुरुपद महतो, बीपीओ शकुंतला



महतो, सीआरपी मदन मोहन चंद, बीसीईओ संतोष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष वेणीमाधव सिंह, व्यावसायिक प्रशिक्षक कुमार विवेक, राजीव महतो व रिंकी कुमारी के हाथों प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीएस एवं बीएडब्लू में ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कौशलेंद्र कुमार व श्रीमंत प्रमाणिक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## आदर्श चिकित्सक बनकर लोगों का सेवा करना चाहती जिला टॉप टेन के दो सगी बहनें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर के दसवीं जैक बोर्ड की परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला में पांचवा रैंक हासिल किया। श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय कि छात्रा प्रिया कुमारी कुल 472 अंक प्राप्त कर जिला में 5 वां रैंक हासिल कर वह आदर्श चिकित्सक बनना चाहती है। वहीं सगी बहन मुस्कान कुमारी 465 अंक लाकर जिला में 8वीं रैंक हासिल की है और वह भी चिकित्सक बनकर गरीब व असहायों का सेवा करना चाहती है। दोनों सगी बहनें एक ही सरकारी



विद्यालय में पढ़ाई की और जिला में टाप टेन में शामिल होने में कामयाब रही। पिता अनुज कुमार गुप्ता पारा शिक्षक है व मां गृहस्थी और स्कूल से घर आने के बाद पिता दोनों बेटियों को पढ़ाते थे। प्रिया कुमारी बताती है कि स्कूल से घर आने के बाद दोनों बहन 6 घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय मां, पिताजी एवं शिक्षकों को जाता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मिलन रक्षित ने बताया कि दोनों बहनें विद्यालय में अनुशासन में रहकर पढ़ाई करती थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावे भी एक दर्जन छात्र छात्राएं 90 से 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

# जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने पृथ्वी दिवस पर किया साइक्लोथॉन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने पृथ्वी दिवस 2024 मनाने के लिए साइक्लोथॉन का आयोजन किया। साइक्लोथॉन को स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।साइक्लोथॉन में कक्षा 7 और 8 के लगभग 35 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने स्कूल परिसर से पृथ्वी बचाओ, पर्यावरण बचाओ और ग्रह बनाम प्लास्टिक से संबंधित प्लेकार्ड लेकर बिष्टुपुर क्षेत्र में और उसके आस-पास लगभग 30 मिनट तक साइकिल चलाई। छात्रों ने जी-टाउन ओपन जिम में स्थानीय लोगों के



साथ शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया और दर्शकों को स्थायी पर्यावरण के आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम ने बेहतर और हरित पर्यावरण के प्रति स्कूल और छात्रों के विचारशील दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया।

## सरायकेला जिले के टॉप टेन में आदर्श विकास विद्यालय, गम्हरिया के पांच छात्र शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदर्श विकास विद्यालय, गम्हरिया के पांच छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल की दसवीं की परीक्षा में जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इससे विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। वर्ष 2024 के दसवीं की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 131 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 122 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 07 द्वितीय श्रेणी में और शेष दो तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसमे 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिंस कुमार विद्यालय के साथ-साथ जिला टॉपर भी रहा जबकि श्रीकांत मुंडा 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का द्वितीय व जिले का चतुर्थ टॉपर बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसी प्रकार, 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुखदेव दास और रोहित महतो संयुक्त रूप से विद्यालय का तृतीय और जिले का आठवां टॉपर बनने का श्रेय लिया। साथ ही, नीतिष्मीता बेहरा ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का चतुर्थ टॉपर और जिले की दसवीं टॉपर रही। विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## ईवीएम कमीशनिंग के संबंध में सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम कमीशनिंग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए । रविन्द्र भवन सभागार, साकची में आयोजित प्रशिक्षण में एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार एवं अन्य मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट, डिस्पले यूनिट(वीवीपैट) की सिलिंग प्रक्रिया भी बताई। सभी अधिकारी-कर्मचारी ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम कमीशनिंग के एक-एक बिंदु पर प्रशिक्षण प्राप्त



किया। इसके बाद अधिकारी-कर्मचारियों ने हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अभ्यास भी किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर की होती है। सेक्टर ऑफिसर चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें। ताकि चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। सभी सेक्टर ऑफिसर अपने क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से भी निरंतर संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर ईवीएम मशीन को खोलने एवं सीलिंग से लेकर मतगणना प्रक्रिया तक में दक्ष हो जाएं । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर ऑफिसर को मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न हो मतदान कराने वाले ही मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जायें । पोस्टल बैलेट से चुनाव में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी को मतदान करना है, 26 अप्रैल तक फॉर्म-6 भरने का समय शेष है, जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वे फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें और अपने परिजनों, सगे-संबंधियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सभी ने मतदाता शपथ लेते हुए मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की मास्टर ट्रेनर्स के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक ढंग से आयोजित करने को लेकर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रैनर्स के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक किया गया। सभी प्रखंडो में आयोजित बीएलओ के साथ ट्रेनिंग की समीक्षा करते हुए विभिन्न मतदान केंद्र से सम्बन्धित समस्याओं को सूचीबद्ध कर सम्बन्धित सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी को निष्पादित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया




गया। मास्टर ट्रैनर्स का दो सदस्यीय टीम गठित कर निर्धारित मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता जागरूकता समूह की सक्रियता आदि का जायजा लेने तथा मतदाता जागरूकता समूह एवं बीएलओ के साथ समन्वय, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाए, बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए वाहन की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी साझा कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। प्रखंड स्तर पर छोटे-छोटे समूह में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा उनके शंकाओं या समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निराकरण करने की बात कही।बैठक में उपायुक्त के साथ निर्वाची निबंधक पदाधिकारी खरसावां विधानसभा -सह- अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग रविन्द्र गगराई, निर्वाची निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

# संकल्प-पत्र में दिखा विश्वास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जब दिल्ली स्थिति कार्यालय से लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र ''भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' जारी कर रहे थे, तब उनके चेहरे पर आत्मविश्वास झलक रहा था। भाजपा के कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। वहीं, भाजपा के घोषणा-पत्र की प्रतीक्षा कर रहे देश के नागरिक भी आश्वस्त हुए होंगे कि भाजपा ने विकास को अपना मुख्य आधार बनाया है। चूँकि भाजपा ने अपना घोषणा-पत्र लोगों के सामने प्रस्तुत करने से पहले अपने 10 वर्ष के कार्यकाल का हिसाब भी दिया। भाजपा ने लोगों को याद दिलाया कि उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। संकल्प पत्र की पहली प्रति गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दी गई। ये वे लोग हैं, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। यानी भाजपा ने संदेश देने का काम किया है कि उसके द्वारा किया गया कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं है अपितु धरातल तक पहुँचा है। ये लाभार्थी उसके प्रमाण हैं। याद रखें कि लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा को जो अप्रत्याशित विजय मिली थी, उसका एक प्रमुख कारण सरकार की योजना के लाभार्थी ही थे। एक समय में असंभव दिखनेवाले कार्यों को भी मोदी सरकार ने करके दिखाया है, इसलिए लोगों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी घोषणा-पत्र में जो वादे कर रहे हैं, वे चुनावी वादे नहीं है। भाजपा की सरकार उन्हें पूरा करने के सभी प्रयत्न करेगी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने, राम मंदिर बनाने और समान नागरिक संहिता लागू करने के भाजपा के वादों पर पहले कांग्रेस के लोग ही उपहास उड़ाया करते थे। क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को लगता था कि ये वादे केवल ख्याली पुलाव हैं, इन्हें साकार करना संभव नहीं है। परंतु दृढ़ इच्छाशक्ति की मोदी सरकार ने एक के बाद एक बड़े निर्णय लेकर साबित कर दिया कि यदि संकल्प शुभ हों तो उन्हें साकार करने का वातावरण भी बन जाता है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी मोदी सरकार जिस प्रकार की कार्रवाई कर रही है, उसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। यही माना जाता था कि भ्रष्टाचार की कार्रवाई केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाती है। किसी भी नेता को जेल नहीं जाना पड़ता। परंतु, मोदी सरकार ने जाँच एजेंसियों को स्वतंत्रता देकर उन्हें कठोर कार्रवाई के लिए अवसर दे दिया है। अपने घोषणा पत्र में भाजपा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही कार्रवाई को जारी रखने का आश्वासन दिया है। भाजपा के घोषणापत्र का समग्रता से विचार किया जाए, तो उसने प्रत्येक वर्ग को अपने दायरे में लिया है। सबकी बेहतरी के लिए कुछ न कुछ वादे घोषणा पत्र में किए गए हैं। कहना होगा कि भाजपा का यह घोषणा-पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। इन चारों वर्गों पर पिछले कुछ समय से प्रधानमंत्री मोदी जोर दे रहे हैं। दरअसल, समाज को विभिन्न प्रकार से विभाजित करके देखने की अपने इन चार वर्गों में देखने से सबके उत्थान की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों को गहरा विश्वास है। इसलिए भाजपा ने अपने घोषणापत्र प्रधानमंत्री के हाथों ही जारी कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दिया कि उनकी सरकार चार जून को परिणाम आने के तुरंत बाद 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू कर देगी। देखना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंट पर विश्वास करके जनता किस प्रकार का जनादेश देती है।

भाजपा ने अपना घोषणा-पत्र लोगों के सामने प्रस्तुत करने से पहले अपने 10 वर्ष के कार्यकाल का हिसाब भी दिया। भाजपा ने लोगों को याद दिलाया कि उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। संकल्प पत्र की पहली प्रति गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दी गई। ये वे लोग हैं, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। यानी भाजपा ने संदेश देने का काम किया है कि उसके द्वारा किया गया कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं है अपितु धरातल तक पहुँचा है। ये लाभार्थी उसके प्रमाण हैं। याद रखें कि लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा को जो अप्रत्याशित विजय मिली थी, उसका एक प्रमुख कारण सरकार की योजना के लाभार्थी ही थे। एक समय में असंभव दिखनेवाले कार्यों को भी मोदी सरकार ने करके दिखाया है, इसलिए लोगों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी घोषणा-पत्र में जो वादे कर रहे हैं, वे चुनावी वादे नहीं है। भाजपा की सरकार उन्हें पूरा करने के सभी प्रयत्न करेगी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने, राम मंदिर बनाने और समान नागरिक संहिता लागू करने के भाजपा के वादों पर पहले कांग्रेस के लोग ही उपहास उड़ाया करते थे।

## समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

ललित गर्ग

मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है।

**लोकसभा** चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने




उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं – "जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई"। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें।

दृष्टि कोण

# राष्ट्र निर्माण से जुड़े साधु समाज

**मजबूत** भारत-राष्ट्र निर्माण के लिए अनुषासित, चरित्रवान और संस्कारित समाज निर्माण की जरूरत है। इसके लिए साधु-संतों को आश्रमों से बाहर निकल कर आगे आना होगा। यह बात मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भगवत ने कही। यह बेहद महत्वपूर्ण बात है, क्योंकि आजकल ज्यादातर संत-समाज आश्रम बनाकर वहीं से संदेष देने का कार्य कर रहे हैं। याद रहे, शंकराचार्य ने साधु-संन्यासियों के सार्थक उपयोग के लिए ही चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी। इन मठों को ज्योर्तिमठ, श्रृंगेरी मठ, गोवर्धन मठ और शारदा मठ के नामों से जाना जाता है। ये मठ धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ सामाजिक कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। इतिहास गवाह है आजादी की लड़ाई में अखाड़ों से जुड़े बाबाओं ने महारानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब और तात्या टोपे के साथ अंग्रेजों से युद्ध भी लड़े थे। कुछ साल पहले महाराष्ट्र के भोईरपाड़ा शिरडी के साई बाबा मंदिर न्यास और सुजलान कंपनी के सयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप पवनचक्की परियोजनाओं से 14 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया था। यह बिजली महाराष्ट्र बिजली बोर्ड को बेच भी दी गई। न्यास ने 15 करोड़ का निवेश कर यह उपलब्धि हासिल की। न्यास पवन चक्कियों की संख्या बढाकर लागत राशि 6 साल के भीतर निकाल लेने की भी उम्मीद रखता है। राष्ट्र निर्माण से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में किसी धार्मिक न्यास द्वारा की गई यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि अनेक संत अपने आश्रमों में संस्कृत विद्यालय, भंडार, अस्पताल और गौषालाएं चला रहे हैं। मानव शक्ति के रूप में भारत के पास विशाल साधु समाज है। जिसे अब तक आंतरिक चेतना एवं अतीन्द्रीय शक्तियों के नियंत्रण का ही मुख्य कारक एवं प्रतीक माना जाता रहा है। यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण संबंधी विकास कार्यों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के हल में जुट जाएं तो राष्ट्र का बहुत भला हो सकता है। क्योंकि इस समाज के साथ अपार शारीरिक बल होने के साथ धार्मिक न्यासों की संपत्ति के रूप में अकूत आर्थिक बल भी है। दिवंगत जयगुरु देव बाबा के पास 1200 करोड़ की संपत्ति सार्वजनिक हुई है। सत्य सांई बाबा के पास भी अकूत दौलत के भण्डार मिले हैं। हालांकि सांई न्यास करीब 500 ग्रामों को अपनी ओर से पेयजल उपलब्ध कराता है और हजारों लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त सेवा भी करता है। भ्रष्टाचार के चलते भारत का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढांचा गड़बड़ा हुआ है। ऐसे में मानवीय पक्षों को उभारते हुए धार्मिक ट्रस्ट और उनका संरक्षक साधु समाज विकास कार्यों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सार्थक हस्तक्षेप कर सकता है। क्योंकि हताशा से भरी इस दुनिया में धर्म ही ऐसा इकलौता क्षेत्र है, जिसमें निर्विवाद रूप से उत्तरोत्तर विकास होता जा रहा है। भारत के मंदिरो, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरिजाघरों में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और भक्त सामथ्र्य से ज्यादा दिल खोलकर दान भी दे रहे है। भारत के हर परिवर्तनकारी युग में मठ, मंदिरों और साधुओं ने सांस्कृतिक चेतना का नवजागरण कर राष्ट्र निर्माण को नया मोड़ देते हुए समय-समय पर उदात्त भावनाओं और मंगलकारी सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया है। जिससे धर्म दीर्धकालीक सत्ताधारियों के राजनीतिक लाभ का हितपोषक न बना रहे। यही कारण है कि विश्वामित्र चाणक्य, महावीर, बुद्ध, जगतगुरू शंकरचार्य, गुरूनानक देव, चैतन्य महाप्रभु, दयानंद सरस्वाती, महर्षि अरविंद, विवेकानंद और ज्योतिबा फुले जैसे राष्ट्रप्रेमी स्वप्न दृष्टाओं ने इस देश को आततायी विदेशी अतिक्रमणकारियों से लड़ने की शक्ति देने के साथ अज्ञान, भूख, अराजकता और असमान समाजिक ढ़ांचे से जूझने की भी चुनौती व प्रेरणा आम जनमानस को दी। मध्ययुग के अंधकार से भारतीय जनमानस को कबीर, तुलसी, सूर, रैदास, दादू, मलूकदास और नानक देव जैसे संत कवियों ने ही उबारकर नवयुग के निर्माण की आधारशिला रखी थी। स्वतत्रता पूर्व भारत में करीब 60 लाख साधु थे लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर एक करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। हालांकि साधु समाज की इस गणना में रोगी, भिखारी, बाजीगर, सपेरे, नट, मदारी, लावारिस और अपाहिज भी शुमार हैं। इनकी संख्या 80 प्रतिशत है। पहुंचा हुआ साधु इन्हें साधु नहीं मानता। ऐसे ही साधुओं की बदौलत घर्म और नैतिकता का मूलमंत्र खंडित हो रहा है।

कुछ अलग

# पर्यावरणीय जवाबदेही

**यह** जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य श्रृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये-नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला यूरोपीय व अमेरिकी देशों की जलवायु नीतियों को भी नया आकार प्रदान करने में सहायक होगा। यह फैसला जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हुए बताता है कि पर्यावरणीय संकट के कारण हाशिये पर आने वाले समुदायों को तत्काल संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। पर्यावरण के स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियां समाज में हाशिये पर रहने वाले समाजों को असंगत रूप से प्रभावित करती हैं। साथ ही सामाजिक असमानता को बढ़ाती हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों के सामने भोजन व पानी का संकट पैदा हो रहा है। इन उपेक्षित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं।

देश दुनीया से

# स्वस्थ भारत की जननी है आंगनबाड़ी केंद्र

आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के माध्यम से मुमकिन होता है। कई बार कम वेतन और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं ने देश के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अक्सर समाचारपत्रों में कई महीनों तक इनके वेतन रुके होने की ख़बरें आती रहती हैं। जिससे इनकी आर्थिक परेशानियों को समझा जा सकता है। इसके बावजूद यह समर्पण और सेवा भाव से बच्चों के विकास के लिए तत्पर नज़र आती हैं। दरअसल सभी आंगनबाड़ी केंद्र भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के तहत संचालित होती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय आधारित कार्यक्रम है।

**एक** अप्रैल से राजस्थान की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे आंगनबाड़ी से जुड़े सदस्यों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस वक्त पूरे राज्य में 62,020 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। जिसके माध्यम से लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के माधयम से मुमकिन होता है। कई बार कम वेतन और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं ने देश के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अक्सर समाचारपत्रों में कई महीनों तक इनके वेतन रुके होने की ख़बरें आती रहती हैं। जिससे इनकी आर्थिक परेशानियों को समझा जा सकता है। इसके बावजूद यह समर्पण और सेवा भाव से बच्चों के विकास के लिए तत्पर नज़र आती हैं। दरअसल सभी आंगनबाड़ी केंद्र भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के तहत



संचालित होती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय आधारित कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से लक्षित समुदाय के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार लाना है। 02 अक्टूबर 1975 को शुरू की गई इस योजना ने अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से मुक्त बनाया है। यही कारण है कि केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों ने समय समय पर न केवल इस योजना को प्रोत्साहित किया है बल्कि अन्य कई योजनाओं को इससे जोड़ा भी है। जिसका परिणाम है कि ज़मीनी स्तर पर इसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिलते रहे हैं। हालांकि कई बार इन्हें बच्चों के पंजीकरण और उनकी उपस्थिति से जुड़ी समस्याओं का इन्हें सामना भी करनी पड़ती है। इसका एक उदाहरण राज्य के बीकानेर स्थित कालू गांव है। जिला मुख्यालय से 92 किमी और लूणकरणसर ब्लॉक से 20 किमी की दूरी पर स्थित इस गांव में पिछले कई वर्षों से संचालित 6 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुचारु रूप से लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत से उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस गांव की जनसंख्या करीब 10334 है। इतनी बड़ी आबादी वाला यह गाँव 9 वार्डों में विभाजित है। यहां अनुसूचित जाति की संख्या लगभग 14 ।5 प्रतिशत है। इन सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 साल की उम्र के लगभग 400 बच्चे पंजीकृत हैं। जिन्हें पूरक आहार के तहत प्रतिदिन दलिया और खिचड़ी दी जाती है ताकि बच्चों को कुपोषण मुक्त बना कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। लेकिन अक्सर इन पंजीकृत बच्चों और उनकी नियमित उपस्थिति से संबंधित कमियां रह जाती हैं। कई बार पंजीकरण से काफी कम बच्चे केंद्र पर आते हैं। इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 6 की कार्यकर्ता पार्वती देवी का कहना है कि "यहां कुल 55 बच्चों का पंजीकरण है। जिसमें 0 से 3 साल के 29 बच्चे और 3 से 6 साल के 26 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन केंद्र पर नियमित रूप से केवल 6 बच्चे ही आते हैं।" पंजीकरण के बावजूद बच्चों की कम संख्या के सवाल पर पार्वती देवी बताती हैं कि 'दरअसल इस गाँव का अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। ज्यादातर माता पिता दैनिक मजदूरी करने शहर जाते हैं। जहां से उन्हें लौटने में अक्सर शाम और कभी कभी देर रात हो जाती है। इतनी देर तक आंगनबाड़ी केंद्र खुला नहीं रह सकता है। इसलिए वह अपने बच्चों को आंगनबाड़ी में छोड़ने की जगह अपने साथ कार्य स्थल पर ले जाते हैं। हालांकि जो बच्चे केंद्र पर आते हैं उन्हें हम खुद घर से लाते और फिर वापस छोड़ कर आते हैं। केंद्र पर बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यहां पर बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उनके लिए पीने के साफ पानी और शौचालय की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध है। लेकिन कम बच्चों की उपस्थिति सभी के लिए चिंता का विषय है।" वहीं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 की कार्यकर्ता सुशीला देवी कहती हैं कि "इस केंद्र में कुल 87 बच्चों का पंजीकरण हुआ है। जिसमें 0 से 3 साल के 60 बच्चे और 3 से 6 साल के 27 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन नियमित रूप से केवल 13 बच्चे ही केंद्र पर आते हैं। इसका कारण भी केंद्र संख्या 6 की तरह है।" वह बताती हैं कि केंद्र में बच्चों को पूरक पोषित आहार के रूप में 540 ग्राम दलिया, 480 ग्राम खिचड़ी और 540 ग्राम सादा दलिया दिया जाता है।

आप का नजरीया

# छात्रों की दर्दनाक मौत

**हरियाणा** के महेंद्रगढ़ स्थित कनीना में ड्राइवर की लापरवाही से एक निजी स्कूल की बस के पेड़ से टकराने के बाद हुई दुर्घटना में छह छात्रों की मौत हृदय विदारक है। दो भाइयों की मौत से उनके परिवार पर क्या गुजर रही होगी, अहसास करना कठिन नहीं है। इस तरह के हादसे हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरते हैं। इसे एक दुर्घटना कहने की बजाय आपराधिक लापरवाही कहना उचित होगा। जिसमें स्कूल प्रबंधन, चालक तथा प्रशासन की काहिली की बराबर की जिम्मेदारी है। एक खटारा बस को शराबी चालक द्वारा बेलगाम रफ्तार से दौड़ाना एक आपराधिक कृत्य ही कहा जाएगा। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब ईद पर राष्ट्रीय अवकाश था तो स्कूल क्यों खोला गया था? सार्वजनिक अवकाश के दिन स्कूल खोलने पर प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जानी चहिए। इस दुर्घटना में कई स्तर पर आपराधिक लापरवाही नजर आती है। ग्रामीणों के अनुसार कई साल पहले इस बस के फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि खत्म हो चुकी थी, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए इसे सड़कों पर चलाया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन मोटी फीस वसूलने में तो लगा रहता है लेकिन उसे ख्याल क्यों नहीं आया कि बस का फिटनेस प्रमाणपत्र छह साल पहले खत्म हो चुका है। क्यों नहीं देखा कि ऐसे वाहन से तमाम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है? सवाल उठना लाजिमी है कि बस की हालत और चालक की आदतों को देखते हुए इन मासूमों के जीवन को खतरे में डालने की स्थिति क्यों पैदा होने दी गई? सवाल पुलिस प्रशासन पर भी है कि क्यों बेलगाम गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी का कोई तंत्र काम नहीं कर रहा है? विडंबना है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन चुस्ती दिखाता है और कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कमोबेश इस घटना के बाद भी इसकी पुनरावृत्ति होगी। विडंबना यह है कि सरकारी स्कूलों की बदहाली से खिन्न होकर जागरूक अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यमों वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अभिभावकों की इसी सोच के चलते अनेक कारोबारियों, व्यापारियों तथा राजनेताओं ने बड़े नाम व चमक-दमक वाले निजी स्कूल खोल लिये हैं। लेकिन इन स्कूलों में शैक्षिक मानकों तथा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में घोर लापरवाही बरती जाती है। छात्रों से फीस तो मोटी ली जाती है लेकिन उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी जाती। शिक्षकों को दिये जाने वाले वेतन को लेकर भी अकसर सवाल उठते रहते हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि कम वेतन व असुरक्षित सेवाओं के बावजूद शिक्षक व अन्य कर्मचारी मिल जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति ड्राइवरों की भी है। चालक को इतना वेतन नहीं मिलता है कि प्रशिक्षित व अनुभवी चालक इन बसों में तैनात किये जा सकें। जिसका नतीजा महेंद्रगढ़ के कनीना में हुआ हादसा है। जिसके चालक पर आरोप है कि वह ड्यूटी के दौरान शराब पीकर नशे में बस को बेतहाशा दौड़ा रहा था। निस्संदेह, ऐसी स्थितियां ही दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। हमेशा की तरह शासन-प्रशासन ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, परिवहन विभाग के किसी कनिष्ठ कर्मी को निलंबित किया है।

# रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा चौक पर झांकियों का प्रदर्शन सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सुभाष चौक पर रामनवमी पूजा के रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा आयोजित झांकी प्रदर्शन में कुल 7 गांवों के अपने अपने आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया। साथ हीं लाठी डंडे,एवं तलवारबाजी का प्रदर्शन जम कर किया। साथ हीं हाई वॉल्यूम साउंड का प्रदर्शन जम कर किया गया। वहीं धर्म प्रेमियों ने तेज साउंड के आवाज के साथ जय श्रीराम का उद घोष करते रहे। हालांकि यह रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जेएमएम के नेता मनोज चंद्रा, जिला परिषद देवनन्दन साहू, रोहणी देवी, प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, बिनोद बिहारी पासवान, करम साहू वगैरह ने संयुक्त रूप फीता काट कर शुरुवात की। वहीं सभी सम्मानित लोगों को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। सभी झांकियों ने अपने अपने दिए गए समय के अनुशार अपना अपना कर्तव्य एवं झांकी प्रस्तुत कर आगे बढ़ते रहे। झांकियों में एक से बढ़ कर एक चलंत कलाकार द्वारा रमायन का दृश्य दिखाया गया।वहीं एक से बढ़ कर एक कलाकृति की गई मूर्तियों का सुसज्जित कर आकर्षक दिखाया गया। लोगों ने जम कर डीजे के साउंड पर थिरके और जम कर जयश्रीराम का नारे लगाते रहे। वहीं पुलिस प्रशासन झांकी को सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए पूरी कमर कस कर तैनात थी। हर चौक चौराहे पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। खुद चतरा डीसीसी पवन मण्डल, एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ अजय केशरी, बीडीओ विनय कुमार, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुब्बे, इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह चहलकदमी करते दिखे। हालांकि कोई पदाधिकारी मंच पर नहीं दिखे। महासमिति के लोगों ने नीचे आकर सभी पदाधिकारियों को पगड़ी बांध सम्मानित किया। जबकि प्रत्येक वर्ष सभी पदाधिकारियों को मंच पर सम्मानित करने की प्रथा चली आ रही थी। रामनवमी झांकी देखने के लिए गांव देहात से लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। और तो और जगह के अभाव के कारण लोग सरकारी बने बिल्डिंग के ऊपर चढ़ कर झांकी का आनन्द ले रहे थे। जबकिं पूजा ममहासमिति द्वारा सरक्षित एवं शांति प्रदर्शन के लिए बार बार माइक से आग्रह करते रहे । झांकी अखाड़े में धर्मवीर क्लब बानसांडी, बाजार टांड सिमरिया, सबानों, गोवा , हर्षनाथपुर, रोल, खपिया गांव के झांकी शामिल थे। झांकी में किसी तरह का कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं है। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,एवं सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावे सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा परियोजना के भीतर अचानक लगी आग

**मची अफरातफरी, धुएं से पूरे क्षेत्र में छाया अंधेरा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा में संचालित एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना में भीतर अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। घटना को लेकर मिली परियोजना में कार्यरत बीएचएल नामक कम्पनी के ए स्टॉक यार्ड में यह आग लगी है। अगलगी की घटना की जानकारी के बाद एनटीपीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। वहीं आग बुझाने के लिए मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार स्टॉक यार्ड में रखे रबर और प्लास्टिक के उपकरणो में शॉट सर्किट के कारण आग लगी है। आग की लपटो से निकल रहे धुएं से पूरा इलाका सन गया है। जिसके परियोजना के 5 किलोमीटर के दायरे का टेंपरेचर तो बढ़ ही गया है साथ ही साथ लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है।

## आजसू के चतरा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत का तूफानी दौरा जारी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसु के चतरा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने प्रतापपुर एवं हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शादी समारोह एवं तिलक समारोह में आयोजित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। उन्होंने हंटरगंज प्रखंड के मीरपुर पंचायत के आमीन गांव के आजसु के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उनके साथ आजसू के दर्जनो कार्यकर्ता भी शामिल हुए और वर वधु को आशीर्वाद दिया।आजसू नेता अशोक गहलोत ने प्रतापपुर प्रखंड के बरूरा शरीफ पंचायत के बरवाडीह गांव के भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु देव अंगार के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नव वर-वधु को आशीर्वाद भी दिया।

## भीषण गर्मी में भी प्रतापपुर में बिजली गुल एवं कम वोल्टेज की समस्या, लोग गर्मी से हो रहे है परेशान



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी में बिजली गुल एवं कम वोल्टेज की समस्या को लेकर लोगों ने विरोध जताई है। पिछले दो दिनों से बिजली गायब है, ऐसे में बिजली किस काम की है। जो बस अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए आती है। बिजली विभाग बिजली बिल की वसूली में आगे हैं। पर बिजली देने में सबसे पीछे। सुविधाओं की बात की जाए तो उसमें भी कहीं ट्रांसफार्मर खराब है, तो कहीं कम वोल्टेज की समस्या है, इन दिनों गर्मी भी काफी तेज है। जिसे लोग गर्मी से बेहाल हो रहे है। लोक सभा चुनाव के पर्व में भी बिजली का वही हाल बेहाल है।

## फेक कॉल कर अग्नि शमन वाहन पहुंचा घोरीघाट, आग लगने की झूठी खबर

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र से फेक आग लगने की सूचना देकर अग्नि शमन वाहन को घोड़दौड़ गांव में शुक्रवार को बुलाया गया । अग्नि शमन गाड़ी घोड़दौड़ गांव पहुंचने के बाद झूठा जानकारी देने वाले व्यक्ति मौके से फरार हो गया। उसका मोबाईल स्विच ऑफ बता रहा है। अग्नि शमन वाहन के कर्मचारी ने बताया कि मोबाईल नम्बर 8539034103 से फोन किया की घोड़दौड़ गांव में सुचित कुमार वर्मा के घर में आग लग गई है। जिसके बाद कर्मचारी अग्नि शमन वाहन के आनन- फानन के साथ उक्त गांव पहुंच गई।जब पुछताछ करने लगे तो ग्रामीणो के द्वारा बताया गया कि घोड़दौड़ गांव में किसी के घर में आग लगने की घटना नही है। जिसके बाद कर्मचारी वापस चतरा चले गये। हलांकि आग लगने की घटना प्रतापपुर पुलिस को दिया गया था। मौके पर पुलिस में भी घोड़दौड़ में पहुंची गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि फेक एवं झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति का जांच कर कारवाई किया जाएगा। फेक खबर देने वाले व्यक्ति का मोबाईल ट्रेस कर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पत्थलगड़ा प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी का त्योहार निकाली झांकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** बृहस्पतिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शाम के वक्त रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में रामनवमी महा समिति, पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी अखाड़े के द्वारा महावीरी झंडों व झांकी के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रखंड के सभी पंचायत से अलग अलग गांव के हिसो से निकल कर सभी प्रमुख इलाकों से होते हुए। पत्थलगड़ा सुभाष चौक स्थित तक सभी अपना कला का प्रदर्शन किया गया। और देर रात 11:00 बजे तक चलता रहा इसके बाद समाप्त हुई। प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों के सभी अखाडा के अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर समानित किया गया। जुलूस के दौरान विभिन्न समिति के सदस्यों ने करतब का भी प्रदर्शन पारंपरिक हथियारों के साथ किया। वहीं जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। वहीं जुलूस के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा लोगों के लिए शीतल पेय तथा अन्य चीजों की व्यवस्था की गई।

# राज्य स्तर पर मैट्रिक अकैडमी की छात्रा हुई टॉप, जिले में हर्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के पांडेयबागी गांव की एक छात्रा ज्योत्सना ज्योति ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के द्वारा जारी किए गए मैट्रिक परीक्षा परिणाम में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कीया है। छात्रा पांडेयबागी गांव निवासी शिक्षक राजेंद्र दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति है।ज्योत्सना ने इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से मैट्रिक की परीक्षा लिखी थी। सफलता पाए जाने पर ज्योत्सना ज्योति ने इसका श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। जबकि माता किरण देवी व पिता शिक्षक राजेंद्र दास ने बताया की ज्योत्सना शुरू से ही मेघावी छात्रा थी।



इसकी सफलता से गांव, प्रखंड व जिला में हर्ष का माहौल है। छात्रा से पूछे जाने पर कही है कि आगे की पढ़ाई मेडिकल का करेंगे।और डॉक्टर बनकर समाज की सेवा भी करेंगे। आगे बताइए की किधर मुख्यालय में डॉक्टरों की बहुत ज्यादा कमी खलती है जिसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। छात्र के पिता ने कहा कि पुत्री आइएसआइ की तैयारी करें। अपने जूनियर भाई बहन को और बेहतरीन पढ़ाई व मेहनत करने के साथ-साथ और अन्य बच्ची बच्चियों को मेहनत करने की बात कही है। ताकि 100त्न नंबर लावे।

## किराना दुकान संचालक की बेटी बनी मैट्रिक की परीक्षा में बालूमाथ प्रखंड टॉपर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य अधिविध परिषद द्वारा शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें बालूमाथ प्रखंड टॉपर एक किराना दुकान संचालक की पुत्री बनी। प्रखंड टॉपर पूनम कुमारी पिता पप्पू साह ने कुल 478 अंक 96.6 प्रतिशत हासिल कर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर पूजा कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर 470 अंक 94 प्रतिशत तीसरे स्थान पर श्रद्धा कुमारी प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल 468 अंक 93.6 प्रतिशत, हिना हाशमी 468 अंक 93.6 प्रतिशत मुरपा उच्च विद्यालय वही चौथे, पांचवे स्थान पर क्रमशः हर्ष कुमार राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ 465 अंक 93 प्रतिशत, विनीत कुमार राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ 465 अंक 93 प्रतिशत, पल्लवी शाहदेव प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय 463 अंक 92.6 प्रतिशत रहे। पूनम कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया है। पूनम कुमारी ने बताया की प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के अलावा उन्होंने बालूमाथ के नामी कोचिंग संस्थान विद्या कोचिंग सेंटर से अपनी शिक्षा ग्रहण किया है। वही पूनम के बालूमाथ टॉप करने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता बाडा, शिक्षक निर्मल सिन्हा, चन्दन दास, विमला कश्यप, चंचल सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दिया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 95 प्रतिशत छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह मुख्यालय अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 95 प्रतिशत छात्राएं इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए ये विद्यालय प्रबंधन की बड़ी सफलता देखी जा रही है। जहां विद्यालय के वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि विद्यालय के कुल 60 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थीं जिसमें 57 छात्राएं सफल हुई। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 28 छात्राओं ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिसमें 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए रिया कुमारी टॉप पर काबिज हुई वहीं रूनम कुमारी, संतोषी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, और रजनी कुमारी 5 टॉपर में शामिल रहीं। इस बीच मॉडल स्कूल का छात्र अभिषेक कुमार 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर रहा। वहीं बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के पांच टॉपर छात्राएं श्रृष्टि कुमारी, रेश्मि कुमारी, सपना कुमारी,कोमल कुमारी पूजा कुमारी के साथ जीन्नत परवीन जिन्होंने 80 से 86 प्रतिशत





अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इसी तरह सरईडीह उ उच्च विद्यालय के शिम्पी कुमारी, रूपांजली कुमारी, पायल कुमारी संध्या कुमारी ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय छिपादोहर की छात्रा रीता कुमारी, विभा नगेशिया, सोनू कुमार गुप्ता प्रथम श्रेणी लाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं टेन प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह का 89.62 प्रतिशत रिजल्ट रहा जिसमें मुन्ना कुमार, दिनकर प्रसाद, वकार अहमद अच्छे अंक प्राप्त कर सफल हुए।

## एसवीएम लातेहार के चार भैया बहनों ने झारखंड टॉप टेन पर अपना स्थान बनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड अधिविध परिषद कक्षा दशम बोर्ड परीक्षा 2024 परिणाम की वरीयता के आधार पर झारखंड राज्य के टॉप 10 छात्रों की जो सूची जारी की गई उसमें सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के चार भैया बहनों ने अपना स्थान बनाया। वार्षिक सत्र 2023 - 24 में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में कुल 136 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

**झारखंड राज्य स्तर पर टॉप टेन में आए भैया बहन**

1.शांभवी सुहाना 98 प्रतिशत 2.नम्रता सेन गुप्ता 97.6 प्रतिशत 3 जयदीप कुमार 97.6 प्रतिशत 4 अनन्या कुमारी 97.2त्न प्रतिशत विद्यालय स्तर पर टॉप टेन में आए भैया /बहन 1.शांभवी सुहाना 98 प्रतिशत 2.नम्रता सेन गुप्ता 97.6 प्रतिशत 2.जयदीप कुमार 97.6 प्रतिशत 3.अनन्या कुमारी 97.2 प्रतिशत 4.कुमारी रिया 94.8 प्रतिशत 5.मुस्कान कुमारी 94.6 प्रतिशत 6 पलक कुमारी 94.2 प्रतिशत 6 बसंत यादव 94.2 प्रतिशत 7.निशभ



त्रिपाठी 94 प्रतिशत 7.आयुष कुमार 94 प्रतिशत 8.श्रेया सिन्हा 93.8 प्रतिशत 8 खुशी कुमारी 93.8 प्रतिशत 8 कुमार सक्षम 93.8 प्रतिशत 9.गीतांजलि गुप्ता 93.4 प्रतिशत 10.हिमांशु कुमार 93.2 प्रतिशत इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, उपाध्यक्ष प्रीति भारती, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, सह सचिव सुधांशु दुबे, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, अभिभावक प्रतिनिधि मनीष कुमार सिंह, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल समिति के सभी सदस्य गण दिनेश कुमार महलका, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर , प्रमोद यादव विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय, लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, राधेश्याम मिश्रा, सुरेश ठाकुर, रितेश रंजन गुप्ता, आलोक कुमार पांडे , कपिल देव प्रमाणिक, फूलचंद सिंह, धर्म प्रकाश प्रसाद , दीपक शर्मा , गोपाल प्रसाद ममता त्रिपाठी, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी, नीलम अम्बाष्ठा, पूनम गुप्ता, अनुजा प्रसाद, शिल्पी कुमारी, रजनी नाग, मधु कुमारी खुशबू कुमारी उपासना कुमारी ने प्रशंसा व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस अच्छे परिणाम के हकदार मेहनत करने वाले भैया बहनों के साथ अच्छे मार्गदर्शन देने वाले पूरे आचार्य परिवार हैं जिन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद देता हूं साथ ही सभी भैया बहनों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर उड़ जाने से उपभोक्ताओं को हो रही है परेशानी

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है आसपास के कुआं तालाब सूखने लगे हैं। इससे आदमी तो आदमी जानवरों को भी पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इन्हीं कड़ी में एक कड़ी लातेहार सदर प्रखंड के डीही पंचायत के समीप मुरुप ग्राम कहां है जहां ट्रांसफार्मर उड़ जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से विजली सेवा बाधित हो गया है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उपभोक्ता अशोक कुमार वेध, रोशन कुमार अनिल कुमार सिंह विकास कुमार सिंह जितेंद्र सिंह कमलेश पांडे सदाउल रहमान ने बताया कि मुरुप ग्राम में लगे ट्रांसफार्मर जो पिछले एक सप्ताह पहले उड़ गया है।तब से लुह और प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण घर में रहने में भी हम लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# बुधवार की रात डॉक्टर विहीन रहा बालूमाथ अस्पताल, जांच के लिए पहुंचे सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते बुधवार की रात अस्पताल में बिना चिकित्सक के मरीजो को हुई परेशानी की जांच को लेकर लातेहार सिविल सर्जन एके सिंह गुरुवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे ।जहां उन्होंने बुधवार की देर रात ड्यूटी पर नहीं रहने पर आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को जमकर फटकार लगाई। मौके पर बोलते हुए एके सिंह ने कहा की सभी लोगों को अपना अपना ड्यूटी करना होगा। अन्यथा उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया जहां बुधवार की देर रात ड्यूटी में तैनात तीन नर्स में एक नर्स पिंगल कुमारी अनुपस्थित पाई गई। जिसको लेकर उन्होंने सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगे से सभी शिफ्ट में जो ड्यूटी में



आएंगे उन्हें गूगल फोटो लेकर ग्रुप में सेंड करना होगा। वही रजिस्टर में कई जगह गड़बड़ी करने के उद्देश्य से बीच में खाली स्थान छोड़ दिया गया था जिसको लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर किया ।वहीं मौके पर मौजूद बालूमाथ मुखिया नरेश उरांव ने कहा कि एकीकृत बालूमाथ प्रखंड से गरीब तबके के लोग बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए आते हैं ।लेकिन डॉक्टर अनुपस्थित होने के कारण मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आगे बताया कि कई महिलाएं अस्पताल डिलेवरी के लिए पहुंचती हैं ।जहां उन्हें एएनएम द्वारा कमीशन के लालच मे बालूमाथ में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में बरगलाकर भेज दिया जाता है ।और सरकारी राशि का गबन कर बंदरबांट करने के उद्देश्य से उसकी फर्जी एंट्री बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर दिया जाता है ।जहां वे लोग कई बार अपनी जान भी गवां चुके है ।कई बार ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं ।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध नर्सिंग होम संचालक बच जाते हैं। जिसका जवाब देते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेवारी है कि ऐसे मामलों की लिखित शिकायत मुझे करें निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिप्टी चिकित्सक ध्रुव कुमार महतो को प्रशिक्षण कार्य हेतु रांची चले गए थे जिसके बाद बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाईक द्वारा आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार को रात्रि ड्यूटी करने का निर्देश जारी किया गया था लेकिन वह ड्यूटी में नहीं पहुंचे थे जिस कारण कई मरीज इलाज के अभाव में तड़पते रहे थे ।वही शुक्रवार को तीन सदस्यीय टीम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोप्पो, डीपीएम गौरव कुमार, डाक्टर राजेश कुमार बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना डॉक्टर के मरीजों को हुई परेशानी की जांच के लिए पहुँचे। मौके पर बोलते हुए डॉक्टर शोभना टोप्पो ने कहा की अभी चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक से विस्तृत जानकारी लिया जा रहा है।

## 462 अंक लाकर शुभा बनी प्रखंड टॉपर, द्वितीय रही साक्षी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** दशवीं के परीक्षा में इस बार लड़कियों ने परचम लहराया है। लड़कियों ने उम्दा प्रदर्शन के जरिये न केवल माता पिता का नाम रोशन किया है बल्कि दिखा दिया की वे लड़को से किसी मामलें में कम नहीं है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक अध्यापक राजेश कुमार की पुत्री सुभा कुमारी 462 अंक लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान पर रही जबकी सरकारी शिक्षक संजीव कुमार सिन्हा की पुत्री साक्षी सिन्हा 460 अंक लाकर दुतीय स्थान पर रही। वही सहायक अध्यापक कृष्णा कुमार गुप्ता की पुत्री खुशी कुमारी 426 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। सिन्हा कोचिंग सेंटर के अथक प्रयास व मेहनत से शिक्षा जगत में लोहा मनवाया है वही कोचिंग प्रबंधक (डायरेक्टर)लहेश प्रसाद सिन्हा ने बताया की पिछले दो दशक से लगातार हमारी कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र बेहतर करने को लेकर प्रयासरत है।इसी का परिणाम है की आज हमारे कोचिंग के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर रहे हैं।वही शिक्षक मुकेश कुमार और राजेश कुमार सिन्हा के मेहनत व अथक प्रयास ने रंग लाया है।

## जैक 10 वीं बोर्ड परीक्षा में सशिवि मंदिर के छात्र धिरज उरांव ने किया विद्यालय टॉप

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अधिविद्य - परिषद द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा फल परिणाम प्रकाशित किया गया जिसमें स0शि0वि0 मंदिर लातेहार स्टेशन के 14 छात्र छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें धीरज उरॉव 86 प्रतिशत रमन कुमार 84.8 प्रतिशत रागिनी कुमारी 82.2 प्रतिशत शुभम कुमार 81.8 प्रतिशत चौदनी कुमारी81.6 प्रतिशत चन्दन खेरवार 81 प्रतिशत अंशिका कुमारी79.8 प्रतिशत रितेश कुमार 79.4 प्रतिशत आशीष उरांव 79 प्रतिशत प्रियंका कुमारी, 74.8 प्रतिशत प्रियंका कुमारी क्र74.8 प्रतिशत मौसमी कुमारी, 73.6 प्रतिशत अभिषेक कुमार, 72 प्रतिशत श्रुति कुमारी63.2 प्रतिशत लाए वहीं धीरज उरॉव, रमन कुमार, रागिनी कुमारी, शुभम कुमार, चौदनी कुमारी, चन्दन खेरवार ने अच्छे प्राप्तांक लाकर विधालय टॉप किया।

# हजारीबाग से जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार का सड़क दुर्घटना में मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** विश्व प्रसिद्ध हजारीबाग की रामनवमी का जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार का सड़क दुर्घटना में शुक्रवार को मौत हो गया। घटना शुक्रवार पूर्वाहन करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। बाईक सवार की पहचान तिलैया निवासी बिरेंद्र प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र रवि केसरी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने पल्सर बाईक संख्या जेएच 12 एम 2370 से गुरुवार को अपने घर से हजारीबाग जुलूस देखने गया था। शुक्रवार को जुलूस देखकर वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में पटना रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास विपरीत दिशा से आ रही मिनी ट्रक संख्या बीआर 01 जीएन 3501 से टकरा



गया। इस टक्कर में उसके युवक का खोपड़ी खुलकर सड़क पर गिर गया।।युवक का पैर भी पूरी तरह जख्मी हो गया और घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो छोटी बेटी और पत्नी छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी सुमित साव दल बल के साथ पहुंचकर एम्बुलेंस से शव को अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां इन क्वेस्ट के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मृतक युवक के स्थानीय परिजन सहित भगवान केशरी, अमित केसरी, चुन्नू केशरी, विशाल केसरी, दीपू कुमार आदि कई सगे संबंधी अस्पताल पहुंचकर विधिसम्मत कार्य में पुलिस को सहयोग किया। घटना के बाद पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके परिचित बताते है कि युवक झुमरीतिलैया में कपड़ा का व्यवसाय करता था।

## मरकच्चो में देर शाम हुई प्रतिमा का विसर्जन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** शनिवार की देर शाम मां दुर्गा के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी । हलांकि मरकच्चो प्रखंड के जामु, दशारो, बरवाडीह, नावाडीह, पपलो,बरियारडीह, खेशमी, समेत प्रखंड के कई गांवों में माता रानी को शुक्रवार को ही विदाई दी गई। विदाई के पूर्व मां के भक्तों ने अगले साल फिर आना मां कहकर जगत के कल्याण के लिए मां को आने का निमंत्रण भी दिया। वहीं शनिवार को मरकच्चो दुर्गा मंडप से देर शाम तीन वाहनों पर प्रतिमाओं को लाइट से सजाकर शोभा यात्रा निकाली गई जो विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए देर रात बुढ़वा आहार पहुंची । जहां विधि विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं महिलाओं ने विदाई के वक्त दुर्गा माता की गोद भरने की रस्म अदा की और उपस्थित महिलाओं ने मांग में सिंदूर लगाकर एक दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी व अमर सुहाग की कामना की ।मौके पर प्रखंड प्रशासन पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आधार कार्ड से पैसे निकालने पर लग रहा चार्ज, बीओआई के नये नियम से ग्रामीणों में आक्रोश

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से नये नियम लागू किये जाने के बाद आधार कार्ड से पैसा निकलना महंगा हो गया है। अब हर निकासी पर 25 रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी के हिसाब से 29.50 रुपये काटे जा रहे हैं। इससे ग्राहकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। बताते चलें कि उक्त नियम के लागू होने बाद जनधन खाता छोड़कर अन्य खातों से आधार से राशि की निकासी पर बैंक द्वारा चार्ज काटा जायेगा। इससे बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्रों पर बंदी की तलवार लटक गयी है। संचालकों के बीच रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। नये नियम के तहत गैर-बीएसबीडीए ग्राहकों के लिए एईपीएस सेवा शुल्क सिस्टम लागू किया गया है। बैंक ऑफ इंडिया के दर्जनों बीसी का कहना है कि आरबीआई का ऐसा कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। नहीं तो अन्य बैंकों में इस तरह का नियम लागू हो जाता। अब बैंक आने से असमर्थ महिला, पुरुष, वृद्ध लोगों को अपनी पेंशन की राशि की निकासी के लिए बैंकों में जाकर लंबी कतार में खड़ा होना पड़ेगा। बीसी संचालकों के पास निःशुल्क निकासी होने पर लोगों को समय की बचत होती थी। बैंक से घर आने जाने का किराया बचता था। धीरे-धीरे बैंकों में भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। कर्मचारियों के कार्य बढ़ जायेंगे। बीसी संचालक बैंक के साथ मिलकर अपना काम बेहतर तरीके से कर रहा था। वहीं अजय कुमार वर्णवाल अखिल भारतीय बैंक मित्र महासंघ प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि बैंक के खाताधारकों का महीने में 4 बार का ट्रांजेक्शन निःशुल्क होता था। उसके बाद की निकासी में जो चार्ज काटा जाता था उस पर किसी को कोई ऐतराज नहीं था। सभी का काम सही तरह से चल रहा था। पुरानी सुविधा को फिर से शुरू किया जाये, नहीं तो बाध्य होकर सभी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक हड़ताल पर जाएंगे। वहीं ग्राहकों का कहना है कि सरकार हम विधवा और वृद्ध को 1000 हजार रुपये पेंशन देती है, जिसमें बैंक 29.50 रुपये काट ले रहा है। हमलोगों की बातों को सुनने वाला कोई नहीं है।

## हत्या मामले में फरार अभियुक्त असगर अंसारी गिरफ्तार

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अन्तगर्त प्रतियासिंगहा जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला, जिसके आलोक में दिनांक- 06.02.2024 को मृतक की पहचान कर, मृतक के पुत्र सुलतान अंसारी उम्र 35 वर्ष, पिता स्व0 सकुर मियाँ, साकिन- निमाडीह थाना धनवार (घोडथम्बा ओ0पी0) थाना आकर एक लिखित आवेदन दिये कि इनके पिता- सकुर मियाँ कि हत्या कर शव को छिपाने के नियत से जंगल में फेंक दिया गया है जिसके आधार पर नवलशाही थाना कांड सं0- 06/2024, दिनाक 06.02.2024, धारा 302/201 भा.द.वि. दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में काड में संलिप्त द्वारिका तुरी उर्फ द्वारिक, पिता स्व0 हरि तुरी, उम्र 35 वर्ष, एवं समसुल अंसारी, पिता- स्व0 सकुर मियाँ, उम्र 46 वर्ष, दोनो, ग्राम निमाडीह, थाना- राजधनवार, घोडथम्बा (ओ0पी0), जिला- गिरीडीह को गिरफ्तार कर दिनांक-10.02.2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त दोनो अभियुक्तों के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में संलिप्त अन्य अप्राथमिकी अभियुक्तअसगर अंसारी उर्फ गारो दा, उम्र करीब 52 वर्ष, पिता- गनी मियाँ, साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा (ओ0पी0), जिला गिरीडीह को कांड में संलिप्त रहने की बात बताई गई। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार फिरार अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी की गिरफ?तारी हेतु सघन छापामारी किया गया एवं 18.04.2024 को अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी उर्फ गारो दा उम्र करीब 52 वर्ष, पिता गनी मियाँ साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा (ओ0पी0) जिला गिरीडीह के विरूद्ध इस कांड के अलावे कई अन्य काण्ड दर्ज है जिसमें डोमचांच थाना कांड सं0-133/2021, दि0- 21.10.21, धारा 379/411 भा0द0वि0, डोमचांच थाना कांड सं0-154/21, दि0- 16.12.2021, धारा-379/411 भा0द0वि0 3. देवरी थाना कांड सं0- 179/2008, धारा-395/364/412 भा0द0वि0 धनवार थाना कांड सं0- 235/10, धारा-379/382 भा0द0वि0 5. धनवार थाना कांड सं0- 124/2001, दि0-18.11.2001, धारा-395 भा0द0वि0, धनवार थाना कांड सं0-107/2001, दि0- 06.10.2001, छापेमारी दल में पु0अ0नि0 नितिश कुमार थाना प्रभारी नवलशाही, पु0अ0नि0 रवि प्रकाश पंडित, पु0अ0नि0 मदन कुमार मिश्रा व सशस्त्र बल नवलशाही थाना की भूमिका रही

## टाटा कैंसर हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर सह जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** टाटा कैंसर हास्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, कांके के तत्वाधान में शुक्रवार को गुलजार रोड स्थित आंगनवाडी केंद्र में गैर संचारी रोग जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में क्षेत्र के महिला एवं पुरूषों के बीच सुगर, बीपी, मुंह एवं गर्भाश्य कैंसर की निश्शुल्क जांच की गयी. साथ ही इन गंभीर रोग के लक्षण एवं उपचार पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया. इस बीच उपस्थित महिलाओं के बीच बैठक कर स्तन तथा गर्भाशय कैंसर के शुरूआती लक्षण की जानकारी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दी गयी.वहीं पुरूषों को गुटका तथा नशापान से परहेज करने की सलाह दी गयी ताकि कैंसर से उन्हें दुर रखा जा सके. कार्यक्रम में टाटा कैंसर हास्पीटल, रांची के डॉ गरिमा सिंह, प्रोग्राम कोडिनेटर भूपेन्द्र सिहं, नर्स शिल्पा संगमा, पीएचसी इटकी की एएनएम निरोज मिंज,सबिता मिंज, सहिया श्वेता मिंज, केंद्र की सेविका प्रमीला सिन्हा, कमरून, सहायिका हुस्न आरा सहित अन्य शामिल थे।

# गोंदलपूरा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम गोंदलपूरा में आदिवासी करमाली समाज के तत्वधान में पहली बार सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धनेश्वर करमाली, मनोज करमाली व मंच संचालन प्रकाश करमाली के द्वारा किया गया। सरहुल पूजा का शुभारंभ सैकड़ों महिलाओं व पुरुषो के द्वारा कलश लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। उसके बाद सरना स्थल में विधिवत तरीके से सरना प्राथना कर के सरना झंडा गड़ी किया गया, और सरना झंडा पूरे गांव के आदिवासियों को वितरित किया गया। सरना पूजा के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सरना स्थल में फीता काटकर सरना स्थल का शुभारंभ किया गया। उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुवे कहा कि बड़ी खुशी की बात है की बड़कागांव में पहली बार सरहुल पूजा मनाया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि सरहुल पूजा प्राकृतिक जल, जंगल जमीन की पूजा है अगर जल जंगल बचेगा तभी हम जीवित रह पाएंगे। अंबा प्रसाद सरहुल के गीत पर लोगों के साथ झूमी और लोगो को सरहुल की बधाई दी।झारखंड प्रदेश के धर्म गुरु राजेश लिंडा जी ने कहा कि प्राकृतिक की मां सरना मां से प्रार्थना करते है की जिस प्रकार इस वर्ष नए पेड़, पौधे, फल, फूल आए है उसी तरह हर साल आए। सरना मां ही हमारे धरती मां है। ऐसा नहीं की सिर्फ हमलोग आज पूजा किए और कल फिर हमलोग जंगल को उजाड़ना शुरू कर दे। हमें अपने आदिवासी सांस्कृतिक को बचाए रखने की आवश्यकता है। वही गोंदलपूरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव ने करमाली



समाज को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर हम किन्ही को दिल से माने तो वह हमारे आत्म में बसते हैं इसलिए हमलोग को प्राकृतिक की पूजा जरूर करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से कोंग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, उपमुखिया रवि कुमार महतो, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, बादम पंचायत के पूर्व मुखिया दीपक दास, समाज सेवी आशीष चक्रवर्ती, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, पाहन राजेश करमाली, विनोद करमाली, बसंती देवी, पार्वती देवी, आरती देवी, पूनम देवी, नगिया देवी,पार्वती देवी,शीतल देवी,निशा कुमारी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# निखिल कुमार ठाकुर बना कोडरमा जिले के टॉपर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है. जैक के द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड के गोहाल निवासी छात्र निखिल कुमार ठाकुर ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाते हुए, कोडरमा जिले का टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है. निखिल ने मैट्रिक की परीक्षा सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया से दी है.इस बाबत उन्होंने बताया कि मैट्रिक में बेहतर परिणाम को लेकर उन्होंने कड़ी मेहनत की थी. स्कूल में शिक्षकों के मार्गदर्शन के उपरांत घर में भी परीक्षा



को लेकर खास तैयारी की गई. परीक्षा से पहले जैक के द्वारा जारी मॉडल सेट पेपर का हल कर तैयारी का आकलन करते हुए कमियों पर विशेष ध्यान देते हुए उसमें सुधार किया गया. इसके अलावा जिला प्रशासन के द्वारा विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रोजेक्ट रेल के तहत आयोजित साप्ताहिक मूल्यांकन से भी उन्हें काफी फायदा हुआ है.उन्होंने बताया कि जैक मैट्रिक के परिणाम में उन्हें अंग्रेजी में 96 अंक, हिंदी में 98 अंक, गणित में 98 अंक, साइंस में 98 अंक,संस्कृत में 96 अंक, कुल 486 अंक के साथ 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं. मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने को लेकर उन्होंने 9 वीं कक्षा से ही विषयों पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया था. उसने बताया कि सुबह 4 बजे उठकर 2 घंटे की पढ़ाई करना उनके दिनचर्या में शामिल थी. इसके बाद वह स्कूल चले जाते थे. स्कूल से लौट के बाद एक घंटा घर के काम करने के बाद फिर से पढ़ाई में लग जाते थे. सफलता के पीछे समय प्रबंधन और परिश्रम का काफी योगदान होता है. दोनों के बीच सामंजस बैठने के बाद आज उन्हें बेहतर अंक प्राप्त हुए हैं. निखिल ने बताया कि उनके पिता नंदलाल ठाकुर गांव में ही एक छोटी सी सैलून चलते हैं. इसके अलावा उनके पिता खेती के कार्य से भी जुड़े हुए हैं. जबकि माता रीना देवी गृहणी हैं. 12वीं में विज्ञान की पढ़ाई करने के बाद उनका सपना आईआईटी में दाखिला लेकर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की शिक्षा हासिल करना है

## जिले के 796 गांवों में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने किया वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन (स्वीप कोषांग) द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के 796 गांवों में 14,700 समूह से जुड़े लगभग 1,51,732 स्वयं सहायता समूह की दीदीओं ने वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, जिले के 1560 विद्यालयों में भी वोटिंग पर पीटीएम (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया। जहां विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लगभग 92,000 अभिभावकों ने बढ़ ङ्क चढ़ कर हिस्सा लिया। एक ही साथ मतदाता जागरूकता को लेकर इस तरह के व्यापक आयोजन के पीछे का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है। साथ ही छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। ताकि चुनाव का पर्व,देश का गर्व में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम कर रही है। वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने आगामी 25 मई 2024 मतदान दिवस को... वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है... के नारे को एक सुर में बुलंद किया।

## कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरह प्रखंड अंतर्गत कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार के विद्यार्थियों ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के निर्देशक रामदेव यादव ने कि दसवीं की परीक्षा में जितने भी विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें रोहित यादव 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना, वहीं दूसरे स्थान पर दीपक साव 83.4 प्रतिशत अंक व मासूम अंसारी 81.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। वही अंक प्राप्त किया। विद्यालय के निर्देशक रामदेव यादव ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी, वहीं सभी के उज्जवल भविष्य की कमाना किया। वही उन्होंने कहा की हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## भामाशाह शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने माध्यमिक परीक्षा में रही अव्वल

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड माध्यमिक परीक्षा में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के 91 भैया बहनों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का मान बढ़ाया। जिनमें शानदार अंक प्रथम स्थान में काजल कुमारी 93.40, शैल कुमारी 92.80, प्रिया कुमारी 91.80 प्रतिशत सहित 91 से 100 प्रतिशत तक 5 भैया बहन, 81 से 90 प्रतिशत तक 54 भैया बहन,71 से 80 प्रतिशत 32 भैया बहन ने प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रथम श्रेणी में विशेषता के साथ उत्रीण सभी भैया बहनों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार आह्लादित है।

## उच्च विद्यालय करियातपुर के बच्चों ने दसवीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय करियातपुर के विद्यार्थियों ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय गोविंद प्रसाद ने बताया कि दसवीं की परीक्षा में इस बार 292 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें काजल कुमारी 467 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, वहीं दूसरे स्थान पर शैली कुमारी 464 अंक व प्रिया कुमारी 459 अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त की। वही भारती कुमारी 457 अंक, सिमरन कुमारी 455 अंक, पिंकी कुमारी 452 अंक, प्रिया रानी 451 अंक, रूपा कुमारी 449 अंक, दिव्या कुमारी 448 अंक, आरती कुमारी 446 अंक, अनिशा कुमारी 441 अंक, प्रियंका कुमारी 433 अंक, सुमन राज 430 अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय गोविंद प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी, वहीं सभी के उज्जवल भविष्य की कमाना किया। वही उन्होंने कहा की हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## रिया कुमारी ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्य में आठवां स्थान प्राप्त किया, परिवार में खुशी का माहौल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के तलसवार गांव निवासी रंजीत कुमार पत्नी रीना कुमारी की पुत्री रिया कुमारी ने झारखंड बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में 487 अंक लाकर राज्य में आठवां स्थान प्राप्त की है। रिया बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा है। बड़का गांव प्लस टू हाई स्कूल स्कूल के अध्यक्ष संदीप सिंह एवं शिक्षक अशोक राम ने बताया कि झारखंड मेट्रिक बोर्ड परीक्षा में रिया राज्य में आठवां स्थान प्राप्त की है। हम लोगों को काफी खुशी हुई है हमारे पूरे स्कूल परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं हैं। रिया आगे चलकर एक बड़ा अफसर बनकर प्रखंड का नाम रोशन करें। रिया को मिठाई खिलाकर परिवार वालों ने सफलता पर बधाई दी है। रिया ने कहा कि मुझे आगे पढ़ लिख कर इंजीनियर बनने की इच्छा है। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, मुखिया गीता देवी, संजय महतो, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, स्कूल अध्यक्ष संदीप सिंह, मनीष पांडे, राजेश गुप्ता के अलावा कई शामिल हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर और सीएलपी लीडर आलमगीर आलम का हुआ पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** गोड्डा लोकसभा संसदीय सीट पर महागामा विधायक दीपिका पांडे को उम्मीदवार बनाने पर विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है, देर शाम मधुपुर शहर के गांधी चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस सीएलपी लीडर आलमगीर आलम का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन कर किया पुरजोर विरोध। लोगों ने राजेश ठाकुर गुलाम मीर और आलमगीर आलम मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि



राहुल गांधी का नारा था जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी भागीदारी के तहत टिकट नहीं दिया गया। गोड्डा लोकसभा में कुल 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक है। वही ओबीसी को भी दरकिनार किया गया,पूरे झारखंड में कहीं भी अल्पसंख्यक को टिकट न देना का भी विरोध लोगों ने किया। अगर पार्टी इस पर पूर्ण विचार करना चाहिए अगर पार्टी पूर्ण विचार नहीं करती है तो इसका विरोध आगे भी जारी रहेगा। मौके पर अमेरिका यादव,राजा, परवेज अंसारी, नसीम रजा, इमरान खान उर्फ़ मंगरू , रिंकू, कायाम, साजिद, बहरुद्दीन, उल्फत, तासीफ , अनवर आदि सैकड़ो लोग मौजुद थे।

# श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति नया नगर बरकाकाना ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री रामनवमी के पावन पर्व पर क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक और सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा नया नगर बरकाकाना दुर्गा मंडप के समीप बने स्टेज के पास श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति नया नगर बरकाकाना के बैनर तले अखाड़ा का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न गांव से आने जुलूस लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा लाइट, साउंड,ब्रैकेटिंग, बैठने की व्यवस्था एवं प्रसाद के साथ पुरस्कार का भी वितरण किया जाता है 17 अप्रैल को बीते रामनवमी में भी इसी प्रकार का आयोजन आदर्श आचार संहिता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को लिखित सूचना देकर और जिला प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए बिना किसी राजनीतिक प्रतिनिधि को आमंत्रण के यह कार्यक्रम चल रहा था कार्यक्रम के बीचो-बीच अचानक लगभग रात्रि 8ः00 बजे बड़कागांव विधानसभा के कांग्रेस पार्टी से विधायक सुश्री अंबा प्रसाद अपने अंगरक्षकों और कुछ स्थानीय समर्थकों के साथ मंच पर आ गई उनको देखते ही आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे सम्मान के साथ घोषणा करते हुए समिति के सम्मानित महिला सदस्य के साथ बैठाया और उन्हें पीने के लिए पानी भी दिया कुछ ही देर में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा आयोजन समिति के सदस्यों से कार्यक्रम रोककर भाषण देने के लिए माइक की मांग की जाने लगी जो की आयोजन समिति के समझ से परे था फिर भी समिति के सदस्यों ने उनसे विनम्र आग्रह करते हुए थोड़ी देर में कार्यक्रम समापन के उपरांत माइक देने की बात कही जिससे सुश्री अंबा प्रसाद गुस्से से आग बगुला हो गई और समिति के सदस्यों से नाराज भी हो गई समिति के महिला सदस्य के द्वारा भी बार बार आग्रह करने पर थोड़ी देर रुकने के उपरांत अपने साथ आए अपने समर्थक जय सिंह और संजय शर्मा को मंच संचालक से माइक छीन लेने का आदेश दिया। जय सिंह और संजय शर्मा मंच संचालक के पास पहुंच गए और विधायक अंबा प्रसाद को माइक देने के लिए विवाद करने लगे मना करने पर मंच संचालक से जबरन धक्का मुक्ति करते हुए माइक छीन लिया जिससे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो गया अफ़रा तफरी का माहौल हो गया कार्यक्रम बंद हो गया। वहां मंच पर उपस्थित समिति के सदस्यों और स्थानीय थाना के प्रशासन के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद जी को काफी समझाया बुझाया गया उसके बाद वह नाराज होकर मंच से नीचे उतर गई और मंच के सामने अखाड़ा में बैठे श्रद्धालुओं के बीच अपना हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए बाहर निकल गई। ऐसा प्रतीत होता है विधायक सुश्री अंबा प्रसाद जी के द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से दुर्गी ,पीरी, घुटूवा ,मसमोहन, बरकाकाना से अपने पार्टी विशेष समर्थकों को सैकड़ो की संख्या में थाना बुलाकर थाना का घेराव करने लगी और आयोजन समिति पर प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर धरने पर बैठ गई।

## महावीर जयंती कल धूमधाम से मनाई जाएगी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री महावीर स्वामी भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिनांक 21 अप्रैल 2024 रविवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर, रामगढ़ में महावीर जयंती धूम-धाम से मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर निम्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा श्रीजी का अभिषेक ,शांति धारा एवं पूजन प्रातः 6ः00 बजे से । प्रभात फेरी (नगर भ्रमण) प्रातः 7ः30बजे से (जैनमंदिर थानाचौक छट्टी बाजार लोहार टोला गुरुद्वारा रोड,सुभाष चौक होते हुवे जैन मंदिर , महाआरती मंदिर जी में संध्या 7ः00 बजे से तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, , सचिव नागरमल जैन , कोषाध्यक्ष जंबू जैन ,नरेंद्र छाबड़ा,देवेंद्र गंगवाल ने दिया।

## दो वाहनों के आपसी भिड़ंत में बाल बाल बचे लोग



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के एन एच 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार को एक हाईवा तथा एक दुल्हे की गाड़ी के साथ आपसी भिड़ंत हो गई। थोड़ी सी चूक के कारण इस तरह की घटना हुई देखते ही देखते मामला धीरे धीरे तूल पकड़ने लगा और हाथापाई की नौबत हो गई। इस संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हाईवा गाड़ी संख्या ओ डी 09 पी 1991 जो पेटरवार की ओर से गोला की ओर जा रही थी वहीं पेटरवार की ओर से ही शादी के बारात से दुल्हन लेकर लौट रहे बेलोनो कार जो गोला की ओर जा रही थी। सोसो खुर्द टोल के समीप पंहुचते ही दोनों के साथ आपसी भिड़ंत हो गई जिससे दुल्हे की गाड़ी में सवार दुल्हा दुल्हन व अन्य लोग बाल बाल बच गए। मामले को लेकर दोनों ओर से काफी नोका झोंकी होने लगी जिसपर स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी गोला थाना को दी गई जहां पुलिस पंहुचकर दोनों वाहनों को थाना ले गया तथा दोनों के बीच समझौता करते हुए शादी गाड़ी के हुए नुकसान को देखते हुए उसका हर्जाना दिलाकर वाहनों को छोड़ दिया गया।

## शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग ने कार्यक्रमों का किया आयोजन




**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस बार दिन भर मतदान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग को विभिन्न आयोजनों व कार्यक्रमों के माध्यम से जिले वासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में गोला प्रखंड मुख्यालय से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को आगामी 20 मई 2024 को मनाए जाने वाले लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर अपने-अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने का अपील की गई।

## मतदाता जागरूकता को लेकर वर्चुअल रियलिटी वैन को उपायुक्त ने किया रवाना



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया वहीं उपायुक्त ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए पत्रकार मोहम्मद एहसान मंजर



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची से आने के क्रम में छुट्टुपालु घाटी में दुर्घटना में घायल हुए न्यूज़ बायोस्कोप के रिपोर्टर मोहम्मद अहसान मंजर जिनका एक बाया पैर फ्रैक्चर हो चुका है उन्होंने बताया कि रांची से कुजू अपने बाइक से धीमी गति से आ रहे थे। छोटू पालू घाटी में रोड पर किसी गाड़ी का मोबाइल गिरा हुआ था जिसमें फिसल जाने से यह दुर्घटना घटी है श्री एहसान मंजर ने बताया कि मैं खुद का शुक्र अदा करता हूं कि पीछे से कोई मालवाहक गाड़ी या कोई चार पहिया वाहन नहीं आ रहा था जिससे मेरी जान बच गई मैं रोड पर 50 फीट बाइक के साथ कैसे रहता हुआ चला गया इसके बाद एक राहगीर फोर व्हीलर वाले ने गाड़ी रोककर मुझे उठाया इसके बाद मैं अपने घर से सलामत आ सका।

# न्याय और अधिकार के लिए उलगुलान होगा : फागू बेसरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा है कि न्याय और अधिकार के लिए उलगुलान होगा । जन नेता हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र कर जेल में बंद किया गया जनता में भारी आक्रोश है लोकसभा चुनाव में जनता इसका जबाब देगी।केंद्रीय जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग करते हुए एक चुनी हुई सरकार को उनके मुख्यमंत्री को झूठे मामले में गिरफ़्तार किया गया है ।

**संविधान और लोकतंत्र खतरे में है**

21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान राँची में आहूत उलगुलान न्याय महारैली ऐतिहासिक होगा भाजपा की तानाशाही का विरोध किया जाएगा । जननेता हेमंत सोरेन की रिहाई,झारखंडियों को अधिकार देश की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा जल जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए आवास बुलंद किया जाएगा।देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में बंद जननेताओं की रिहाई के लिए जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए झारखण्ड और झारखण्डियत की रक्षा के लिए 1932 खतियान के लिए सरना आदिवासी धर्म कोड के लिए झारखण्ड में आदिवासी, पिछड़ों और दलित के आरक्षण में बढ़ोत्तरी के लिए झारखण्ड के पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए हो, मुंडारी और कुड़ुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए झारखण्ड के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया राशि के लिए विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा के लिए गरीब, वंचित और शोषित के हक-अधिकार के लिएझ्र महिला, युवा, किसान, मजदूर के स्वाभिमान के लिए युवाओं को नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार के लिए कृषि ऋष्ण माफी के लिए कृषि एवं वन उत्पाद के सही मूल्य के लिए आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बचाने के लिए मनरेगा में मजदूरी दर में वृद्धि के लिए ,सरकारी कर्मचारियों के ओपीएस के लिए ,संघीय ढांचे की रक्षा के लिए, अपनी आवाज बुलंद करने को, उलगुलान शुरू करने की बात कही।

## लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यालय डीएसपी ने बूथ का जायजा लिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** हजारीबाग लोकसभा 2024 का चुनाव की तैयारी को देखते हुए मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स ने विभिन्न मतदान केंद्र और बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया इस मौके पर चितरपुर महाविद्यालय शुक्रवार को पहुंचे विभिन्न कमरों,पानी, बिजली, वॉशरूम आदि का निरीक्षण कर स्थलों को चिन्हित किया गया वहीं पुलिस बल के जवानों को मतदान केंद्र पर ठहरने की समुचित व्यवस्था हो का जांच पड़ताल किया साथ में पहुंचे पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया,इस मौके पर रामगढ़ सार्जेंट मंटू यादव, रजरप्पा इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय सहित दर्जनों पुलिस क़र्मी मौजूद थे।

## अबुआ आवास के लाभुक को अभी तक प्रथम किस्त की राशि का नहीं हुआ भुगतान

### कर्ज लेकर जमीन स्तर कार्य को किया पूर्ण हो रही है परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के सोसो खुर्द गांव में एक गूंगा विकलांग युवक लंबू महतो पिता चैता महतो को रहने के लिए घर की जरुरत थी। इसी बीच सरकारी योजना से आस लगाए रहने के पश्चात इन्हें पंचायत में शिविर के माध्यम से लिए गए आवेदन के अनुसार अबुआ आवास योजना का लाभ मिला है। सरकारी दफ्तर के पंचायत सेवक के द्वारा लाभुक को कार्य शुरु कर उससे शीघ्र पुरा करने के लिए कहा गया। लाभुक के पिता के द्वारा दुकान से उधार सामग्री की खरीदारी करते हुए कुछ पैसे दूसरों से कर्ज लेकर जमीन स्तर तक पूर्ण कर लिया है लेकिन अभी तक लाभुक के खाता में प्रथम किस्त की राशि नहीं मिला है जबकि अन्य लाभूकों को प्रथम किस्त की राशि का भुगतान हो चुका है। इस संबंध में लाभुक के पिता कई बार बैंक और प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुका है यहां तक लाभुक का आधार सेंटर जाकर आधार मैप भी किया गया लेकिन अभी तक खाता में राशि का भुगतान नहीं किया गया है। दुकानदार वाले के तगादा से घर के लोग परेशान हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य को जब इस बात की जानकारी दी गई तो उन्होंने बताया कि बैंक में ई केवाईसी या डोरमेंट का मामला हो सकता है बैंक अधिकारी को मामले की जानकारी देकर इसका समाधान कर दिया जाएगा।

## बड़कागांव विधायक ने हिंदू कार्यकर्ताओं पर केस करवा कर कुंठित राजनीति का परिचय दिया है : अनामिका श्रीवास्तव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** विश्व हिन्दू परिषद् भुरकुंडा पालक सह दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की रामनवमी महा पर्व के उपलक्ष में पूरे देश सहित रामगढ़ जिले में भी खुशी का माहोल था, इसी उपलक्ष में बरकाकाना में भी स्थानीय सनातनियों और कमिटी के द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा था। वहां बिना बुलाए पहुंच कर तथा अचार साहिता का उलंघन करके माइक छीनने का प्रयास स्थानीय विधायक तथा उनके समर्थकों के द्वारा किया गया। साथ हीं माइक नहीं मिलने का गुस्सा विधायक को थाना भी ले गया और स्थानीय सनातनियों का पवित्र त्यौहार और खुशी के माहौल को उनपर झूठा केस करवा कर गम में बदल दिया गया।साथ ही वो स्थानीय जनता को गुमराह करने का भी प्रयास कर रही हैं की उनके अंगरक्षक के साथ मार पीट की गई है, जबकि उनके साथ मंच पर स्थानीय युवक था जो उनकी फोटोग्राफी करता है। विश्व हिंदू परिषद् इस पूरे प्रकरण का विरोध करती है तथा ये मांग करती है की स्थानीय विधायक इस झूठे केस को वापस लें नही तो विश्व हिंदू परिषद आंदोलन को बाध्य होगा।साथ हीं ये मांग भी किया की अगर आचार संहिता का उलंघन उनके द्वारा किया गया है तो चुनाव आयोग संज्ञान ले।क्या आचार संहिता केवल आम जनता के लिए है या नेताओं पर भी लागू होता है। इस प्रकार बिना सूचना के किसी भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाना इतना ही नहीं विधायक के समर्थकों ने आयोजकों से मारपीट भी शुरू कर दी। इस घटना के बाद विधायक थाने गई और उन्होंने अखाड़ा समिति के कुछ कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज करवा दी। इतना ही नहीं, थाना परिसर में अंबा प्रसाद के समर्थकों द्वारा अखाड़ा समित के साथ गाली गलौज भी किया । तथा दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा वहां गुंडागर्दी करवा कर मंच का मांग करना कदाचित अमान्य है।

## गरीब मजदूर की बेटी रुखसार परवीन प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण, परिवार में खुशी की लहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र के बारलोंग पंचायत अंतर्गत बज़र मारी टोला निवासी रियाज अंसारी पिता एवं सहाबुन निशा की पुत्री रुखसार प्रवीण ने जैक बोर्ड से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने सरदार वल्लभ झारखंड उच्च विद्यालय कुंदरु कला से पठन-पाठन की थी, परिवार का नाम रोशन किया और परिवार के लोग काफी गोरवांवित महसूस कर रहे हैं अभिभावक दैनिक मजदूरी कर बीपीएलधारी गरीब परिवार मे परवरिश हुआ छात्र के दादा-दादी बहुत ही खुश हैं और परिवार के मन की तमन्ना पूरी हुई, शुरू से ही मेधावी छात्र रही रुखसार मैट्रिक मे बेहतर अंक से पास लगन और मेहनत का परिणाम अच्छा रहा आखिरकार मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास की ओर 373 अंक प्राप्त कर 74.60 प्रतिशत लाकर अपना गांव का नाम रोशन किया परिवार के सदस्यों काफी खुशी है और कहना है कि बेटी को उच्च शिक्षा तक पढ़ने का प्रयास किया जाएगा ताकि छात्र किसी सरकारी नौकरी कर सके और अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बन सके, इस मौके पर मोहम्मद यूनुस साजदा खातून मोहम्मद तनवीर आलम, सद्दाम हुसैन उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और बधाई दिया

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सह कान मशीन वितरण कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वाधान में स्थानीय होटल अरिहंत पैलेस के सभागार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सूनने में अक्षम करिब 80 मरीजों की जांच कर उन्हें कान की मशीन उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं झारखंड प्रांत मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री वसंत मित्तल ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी ने भाग लिया कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष निशा जैन ने बताया की मारवाड़ी महिला समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्तियों तक समिति की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है इसी के तहत समिति द्वारा आज करीब 50 विकलांगों को आधुनिक किस्म के अंग प्रदान किया साथ ही श्रीमती जैन ने आए हुए आगंतुकों के समक्ष समिति के पूर्व में किए गए कार्यो का तथा समिति द्वारा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की कार्यक्रम में मंच संचालन सरिता जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति की सचिन वृद्धि जन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा आए हुए आगंतुको ने समिति के समाजसेवी कार्यो की जमकर सहाना की तथा समिति के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना प्रदान की।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ बुद्धिजीवी मंच की आम सभा आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** असामाजिक तत्वों के खिलाफ बुद्धिजीवी मंच द्वारा नया नगर बरकाकाना स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में एक आम सभा आयोजित की गई। आम सभा में बरकाकाना क्षेत्र के सैकड़ों बुद्धिजीवीयों, अमन पसंद और न्याय पसंद नागरिकों की उपस्थिति हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ शाहनवाज खान ने किया और संचालन पंचदेव करमाली ने किया। मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने सभा के प्रारंभ में विषय परिचय दिया और प्रवक्ता सुशील कुमार ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि क्षेत्र अशांत करने वाले आसाजिक तत्व को क्षेत्र की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बरकाकाना क्षेत्र की जनता सदियों से शांति पसंद है, सकून पसंद और न्याय पसन्द है शांति, सकून और न्याय स्थापित करने के लिए आत्मनिर्भर है। यहां त्योहारों को सभी जाति समुदाय के लोग सभी पार्टी के लोग और सभी गांव के लोग मिलजुल कर मनाते आए हैं। मंच के मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने कहा कि कुछ आसाजिक लोग सामाजिक बनने का ढोंग करते हुए त्योहार की अगुवाई करते है और हमारे लोगों का इस्तेमाल कर हमें ही लड़ाते हैं। दंगा फैलाने की कोशिश में नये नये प्रयोग करते हैं। ऐसे लोगों को पनपने नहीं दिया जाएगा। ज्ञात हो कि नयानगर बरकाकाना रामनवमी अखाड़ा में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद के साथ की गई दुर्व्यवहार, उनके सुरक्षा प्रहरी को की गई मारपीट और क्षेत्र को अशांत करने की कोशिश की गई। आम सभा में देवकीनंदन बेदिया, रमेश प्रसाद यादव, जी एस राय, रामा मुंडा, गोविंद बेदिया, मुन्ना पासवान, चंद्रदेव दांगी, गिरिशंकर महतो, रविन्द्र मुंडा, प्रदीप चक्रवर्ती, देवकी बेदिया, हसीब अंसारी, नागेश्वर मुंडा, रामा ठाकुर, सफाकत अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी, मो, रुस्तम, अंसारी, प स स फरीद अंसारी, मुखिया मोकिम आलम, मुखिया शीतल बेदिया, संजय शर्मा, मीना राय, निशा परवीन, मदन दांगी, भीम महतो, भागीरथ महतो, राजेश बेदिया, गुड्डु कुमार, महेश मुंडा, दिनेश करमाली, भगवान सिंह, मुजफ्फर हुसैन, शिवशंकर बेदिया, एस एन सिंह, महेश मुंडा, आजाद अंसारी, निसार अहमद, गोपी बेदिया, कुलश्वर महतो, शिवसागर सिंह, रामेश्वर बेदिया, तृतियाल बेदिया, मंटू बेदिया, ताजुद्दीन अंसारी, मो अजहर, शिबू महतो आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पूरबडीह गोला में सैकड़ो महिला पुरुषों ने कलश यात्रा निकाली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** श्री श्री राधा कृष्णा हरि मन्दिर पुरबडीह मे पंचदिवसीय अखंड हरि संकीर्तन कलश यात्रा निकल गया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, सैकड़ो महिला पुरुष गेरुआ वस्त्र धारण किए हुए, धार्मिक उद्घोष हरे रामा हरे कृष्णा राधे राधे के उच्चारण से भक्ति में डूबापूरा गांव, बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 5 दिनों तक अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है जिसमें लगातार 24 घंटा तक हरि कीर्तन किया जाता है कीर्तन मंडली दर्जनों टीम बंगाल के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे है जिनके द्वारा अलग-अलग पाली में कीर्तन मंडली द्वारा हरि कीर्तन गायन व भजन प्रस्तुत करेंगे, भैरवीं नदी से पुरबडीह हरिमन्दिर तक पद यात्रा किया गया,महिला पुरूष श्रर्द्वालूओ मौके पर राधा बिनोद प्रजापति दीप नारायण महतो नित्यानंद महतो अशोक कुमार महतो उप मुखिया श्रीमती फुल कुमारी सीमा देवी प्रीति कुमारी मंजू देवी पूनम कुमारी राहुल कुमार मनोज महतो संजय महतो बिक्की कुमार राजू कुमार महतो नील कमल सुर्य नारायण महथा शंकर राम आशीत करमाली पूर्व मुखिया कामेश्वर महतो सचीन राम चमन महतो पर्वत राम अनिकेत कुमार उतम लालू कुमार लीलन कुमार महतो सेकड़ों श्रद्धालुओ मौजूद थे!

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में हरिहर साहु बालिका उच्च विद्यालय का परिणाम रहा उत्कृष्ट, लक्ष्मी गुप्ता बनी टॉपर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा संचालित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 का परीणाम जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में गोला स्थित हरिहर साहु बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से 17 छात्राएँ परीक्षा में शामिल हुई थी, जिनमें 08 छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुई, 06 छात्राएँ द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुई शेष 03 छात्राएँ सीमांत( मार्जिनल) रही। छात्रा लक्ष्मी गुप्ता विद्यालय टॉपर रही। विद्यालय की प्रथम तीन टॉपर में लक्ष्मी गुप्ता- 90.60 प्रतिशत, सोनी कुमारी- 85.40 प्रतिशत तथा रुबी कुमारी- 81.40 प्रतिशत के साथ रही। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने सभी सफल छात्राओं को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।इस दौरान बीएलओ द्वारा घर घर घूम कर वैसे मतदाता जिनका अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है वैसे मतदाताओं को चिन्हित कर फ्रॉम 6 भर कर नया मतदाता पहचान पत्र बनाया जा रहा है साथ ही जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है।

## धार्मिक स्थलों में पोस्टर लगाकर बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण के लिए अभियान जारी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। धनबाद जिला के करीब 300 मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारा, गिरजाघरों में बाल विवाह मुक्त का पोस्टर लगाया गया है। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए धनबाद जिला के 150 गांवों में सघन जागरूकता कार्य कर रही है। श्री रवानी ने आगे कहा कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़े पैमाने पर विवाह होती है जिसमे बाल विवाह भी सामिल है इसलिए ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला के सभी धार्मिक स्थलों के पंडित, पुजारी, मोलबी, पादरी, ग्राम प्रधान को बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई जा रही है एवं धार्मिक स्थलों में पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। श्री रवानी ने सभी धार्मिक गुरुओं से बाल विवाह मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील किया है। श्री रवानी ने आगे कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत धनबाद जिला में अभी तक 268000 लोगो को सपथ दिलाया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के बिनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, बेला कुमारी, दीपा रवानी, भागीरथ सिंह, कामेश्वर महतो, निजामुद्दीन अंसारी, नितेश कुमार वर्मा, सागर रवानी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कोयला उत्पादन व डिस्पैच में बीसीसीएल ने रचा इतिहास

### 2023-24 में 41.10 मिलियन टन उत्पादन तथा 1122 रैक डिस्पैच की नई कृतिमान स्थापित की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** कोयला राजधानी धनबाद देश को कोयला उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल की बात ही निराली रही है। वर्ष 2023 24 में बीसीसीएल ने कोयला उत्पादन के क्षेत्र में इतिहास रखते हुए 41.10 मिलियन टोन कोयल का उत्पादन किया है। वहीं डिस्पैच और ओबीआर जैसे सभी क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करके कृतिमान स्थापित किया है। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बीसीसीएल के बरोरा एरिया सबसे अग्रणी रहा अर्थात सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के तहत 5.4 मिलियन टन उत्पादन के साथ डिस्पैच में रेल द्वारा 1122 रैक डिस्पैच किया। जिसमें 100. 4 प्रतिशत रोड सेल से 190.0 प्रतिशत डिस्पैच किया।वहीं बरोरा क्षेत्र के कुल उत्पादन विशेष रूप से एमपी कोलियरी का 4.8 मिलियन टन कोयला उत्पादन ,4.76 मिलियन टन डिस्पैच 6.8 मिलियन टन ओबीआर के साथ सर्वश्रेष्ठ योगदान के तहत अपनी भूमिका निभाई। एएमपी कोलियरी के साथ सभी कर्मियों को सम्मानित करके उनके उत्साह वृद्धि के लिए बड़ौदा क्षेत्र द्वारा कोलारी में एक समारोह आयोजित कर सभी कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) समीरन दत्ता उपस्थित थें जबकि मौके पर निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक तकनीकी के संचालक संजय कुमार सिंह के साथ बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर सीएमडी समीरन दत्ता ने इस बेहतर उपलब्धि के लिए महाप्रबंधक पीयूष किशोर को धाकड़ महाप्रबंधक कहकर उनका उत्साह वर्धन किया।विदित हो कि बीसीसीएल की कार्यशैली में भूमि अधिग्रहण की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसके तहत बीसीसीएल ने 16.455 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर 2023 -24 में अधिग्रहण किया है जो की एक बड़ी चुनौती थी। इसके लिए भी पीयूष किशोर की जोरदार प्रशंसा की। मौके पर बीसीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी सहित आम जनता भी उपस्थित थी।

**बरोरा क्षेत्र के सभी कर्मियों को क्षेत्र में समारोह आयोजित कर किया सम्मानित**

## शत प्रतिशत वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बंटनी चाहिए : डसीएलआर




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में धनबाद एवं टुंडी विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ को तटस्थ और निष्पक्ष होकर स्वयं मतदाता के घर जाकर शत प्रतिशत वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीएलओ को नए मतदाता का नाम सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म 6 लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक भी योग्य मतदाता मतदान करने से वंचित रहेगा तो आयोग इस पर संज्ञान लेकर गंभीर कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर साफ सफाई, रैंप, शेड, शौचालय, पर्याप्त पानी की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को पूरा कर लें। सभी सुपरवाइजर, बीएलओ के साथ मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरुक करे। बूथ अवेयरनेस ग्रुप, इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब (ईएलसी), चुनाव पाठशाला की बैठक करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

## उलगुलान महारैली की तैयारी को लेकर झामुमो जिला कार्यालय गिरिडीह में की गई बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह बस स्टैंड रोड़ स्थित झामुमो ज़िला कार्यालय में शुक्रवार को राँची में आयोजित होने वाली उलगुलान महारैली की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। वहीं बैठक में सदर विधायक सुदीब्य कुमार सोनू एवं राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो कोडरमा लोक सभा प्रत्याशी सह बगोदर विधायक विनोद सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनजय सिंह समेत इंडी महागठबंधन से जुड़े नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों से अधिक से अधिक संख्या में लोग 21 अप्रैल को रांची में आहूत उलगुलान महारैली में कैसे पहुंचें इसको लेकर चर्चा किया गया।

## तोपचांची में छात्र-छात्राओं ने साइकिल से निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से की 25 मई को अपने मत का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 19 अप्रैल 2024 को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंहदाहा के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली।

इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान, अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम मतदान, भारत भाग्य विधाता है... हम युग के निर्माता है... हमसे ही यह देश...चले हम मलिक मतदाता है, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसी स्लोगन लिखा था।

छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। धनबाद जिला के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 25 मई को अपना मतदान जरूर करें।

## एसएनएमएमसीएच अस्पताल प्रबंधन ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** एसएनएमएमसीएच अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल मे रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन कर रक्तदान करने वाली शहर की दर्जनों संस्थाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा, सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा राय समेत डॉ यू के ओझा, डॉ बी के पांडे, गोपाल भट्टाचार्य आदि मौजुद थे। उपस्थित विशिष्ठ अतिथिगण के हाथों रक्तदान करने वाली सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने इस कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की तथा सभी रक्तदाताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होने अस्पताल प्रबंधन को रक्तदान हेतु एक मोबाइल वैन देने की भी बात कही। वहीं कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सीआईएसएफ, आईआईटी आईएसएम, रोटरी क्लब, बंगाली वेल्फेयर सोसाइटी, शहबाज सिद्दिकी मेमोरियल ब्लड डोनर्स, मधुमीता एडू मेड फाऊंडेशन, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स आदि संस्थाओं समेत वासेपुर के समाजसेवी मुख्तार खान एवं हाजी ज़मीर आरिफ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे एसएनएमएमसीएच अस्पताल प्रबंधन की सराहनीय भूमिका रही।

## लाख रुपए की नकली शराब जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उत्पाद विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस कड़ी में आज विभाग ने एक नकली शराब फैक्ट्री में छापामारी कर लगभग 3 लाख रुपए की नकली शराब बरामद की। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि आज निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवैध शराब कारोबारी विकास साहनी के यहाँ छापेमारी की गई। इस क्रम में कैरामल, स्प्रिट, विभिन्न ब्रांड की 124 लीटर नकली शराब, भारी मात्रा में लेबल, कैप बरामद किया है। बरामद सामान की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रूपये है। छापेमारी में उत्पाद विभाग के अमित गुप्ता, जितेंद्र सिंह, कुलदीप, श्वेता, जय हेंब्रम तथा स्थानीय पुलिस शामिल रही। वहीं फरार अभियुक्त विकास साहनी के विरुद्ध उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस तहकीकात कर उसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## बलिदानी प्रज्ञानंद सिंह को झरिया विधायक पुर्णिमा सिंह एवं ढुल्लू महतो ने दिया श्रद्धांजलि



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जामाडोबा जीतपुर निवासी सेवानिवृत टिस्को कर्मी व भूतपूर्व सेना के जवान गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र जम्मू कश्मीर के उधमपुर कैंप में बलिदानी हुए आर्मी के 34 वर्षीय प्रज्ञानंद सिंह की शुक्रवार को जीतपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झरिया विधायिका सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक पुर्णिमा नीरज सिंह, भाजपा विधायक सह सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो सहित सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर श्रधासुमन अर्पित किया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो ने शोकाकुल परिवार से मिल कर शहीद जवान की माता पिता तथा पत्नी को ढाढस बंधाते हुए स्वजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायिका पुर्णिमा ने बलिदानी प्रज्ञानंद की प्रतिमा का क्षेत्र में स्थापित करने का लोगों आश्वासन देते हुए कहा की शहीद प्रज्ञानंद जी की मूर्ति ऐसी जगह स्थापित की जायेगी जिससे लोगों को उनसे देश सेवा की प्रेरणा मिले।

## कोडरमा लोकसभा में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : प्रो. जयप्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरिया :** गाण्डेय के पूर्व विधायक सह कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय उम्मीदवार जयप्रकाश वर्मा शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान सरिया पहुँचे । जहाँ राजशाही रिसोर्ट में झारखंड कुशवाहा महासभा के प्रदेश महासचिव सत्यदेव प्रसाद व अन्य लोगों ने स्वागत किया । इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने पिछले पाँच वर्षों में कोडरमा लोकसभा के सभी क्षेत्रों का दौरा कर वहाँ की समस्याओं को नजदीक से देखा है । आज बडे बडे गठबंधनों व दलों द्वारा उम्मीदवार घोषित किया गया लेकिन जनता ने हमें अपना उम्मीदवार बनाया । जनता का कहना है कि कोडरमा के लिए सबसे उपयुक्त जयप्रकाश ही है,जनता के इसी मनोभाव के कारण हम निर्दलीय चुनाव मैदान में है । इन्होंने आगे कहा कि कोडरमा लोकसभा में रोजगार का सृजन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यहाँ के जनप्रतिनिधियों ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। कोडरमा लोकसभा में अभ्रक के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं यदि यहाँ के जनप्रतिनिधि और सरकार ईमनदार प्रयास करें तो अभ्रक के खनन,परिवहन से लेकर व्यवसाय तक में रोजगार सृजन कर बेरोजगारी की समस्या हल किया जा सकता है । आगे कहा कि हमें कोडरमा लोकसभा के सभी जात धर्म व समाज के लोगों का समर्थन मिल रहा है और इस लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से हमारी जीत होगी । मौके पर कुशवाहा महासभा के प्रदेश महासचिव सत्यदेव प्रसाद, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र मेहता, संजय वर्मा, गोपाल प्रसाद, बंधन मंडल आदि शामिल रहे ।

## उपायुक्त ने सेक्टर ऑफिसर्स व माइक्रोआब्जर्वर के प्रशिक्षण का लिया जायजा व दिया आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आमचुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण बी एन एस डी ए वी पब्लिक स्कूल गिरिडीह में एक पाली में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने ईवीएम वीवीपैट, बीयू, सीयू, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया व अन्य निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाहरणालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है ताकि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता/शिकायत हेतु संपर्क स्थापित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता हेतु आप सभी कंट्रोल रूम की सहायता ले सकते हैं।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नांकित बिन्दुओ पर चर्चा की गयी** :- आज एक पाली में लगभग 276 सेक्टर ऑफिसर्स, 276 सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स एवं 100 माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को चुनाव कार्य के सभी चरणों का विशेष एवं गहन प्रशिक्षण विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनेरो के द्वारा दिया जा रहा है। इसके साथ ही श्वङ्करू का हैंड्स ऑन भी कराया जा रहा है। जिस से चुनाव के समय श्वङ्करू सम्बन्धी किसी भी समस्या का निराकरण सेक्टर ऑफिसर्स के द्वारा भी तत्काल किया जा सके। इसके अतिरिक्त सेक्टर ऑफिसर्स को पोल डे एवं अन्य रिपोर्टिंग प्रपत्रों के सम्बन्ध में एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यो एवं जनरल आब्जर्वर को दिए जाने वाले प्रपत्रों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का त्त्क्र कोड की सहायता से आकलन किया जा रहा है।

जिसके आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्र पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार लाइव वेबकास्टिंग किया जा रहा है।

### बलियापुर बीडीओ द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुन्दा व सुरुंगा के कुल 13 मतदान केंद्रों का किया गया भौतिक निरीक्षण

## अविलंब एएमएफ सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 19 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुन्दा एवं सुरुंगा के कुल 13 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ सत्यापन किया गया। मुकुन्दा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंद के मतदान केंद्र संख्या 286 एवं 287 में शौचालय की मर्मती कर ली गई है एवं सुरक्षा की दृष्टि से नया दरवाजा भी लगा दिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 290 नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थाना मुकुन्दा में रैंप सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत सुरूँगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 302, 303 304 एवं 305 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरूँगा में चापाकल खराब थी जिसकी मरम्मती करा ली गई है। मतदान केंद्र संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय जोगन कोचा का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किया जा रहे हैं कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र अवस्थित संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभारी को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ सफाई, शौचालय की साफ सफाई करने का विशेष निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी शिक्षक उपस्थित थे।

## विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति, रात्रि में भक्ति जागरण का लोगों ने लिया आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के खैरीडीह पंचायत के ग्राम गोरडीह में जय माता रानी सेवा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री राम चरित् मानस सह हनुमान एवम देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भंडारे के साथ सफल आयोजन पूर्ण हुआ। इस बीच रात्रि को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भंडारा का कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से लेकर देर शाम तक चलता रहा वहीं रात्रि में हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण भक्ति जागरण के रस में गोता लगाते रहे। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि जागरण से मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

लोकसभा चुनाव–2024
उच्च प्राथमिकता

**जिला समादेष्टा का कार्यालय,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय पत्रांक– 350 / चु0को0, दिनांक– 01.04.2024 एवं महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक– 820 / OTD, दिनांक–16.04.2024 के निदेश के आलोक में आगामी लोक सभा आम चुनाव– 2024 में दिनांक–06.05.2024 से दिनांक– 04.06.2024 तक कुल– 624 गृह रक्षकों को कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

अतः सभी प्रभावी बल के गृह रक्षकों को सुचित किया जाता है कि दिनांक–22.04. 2024 से लेकर 24.04.2024 तक जिला समादेष्टा कार्यालय, रामगढ़ में पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति के साथ अपना आगमन कराना सूनिश्चित करें। निर्धारित तिथि पर आगमन नहीं करने वाले गृह रक्षकों पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझें।

आदेशानुसार
ह0/
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, रामगढ़।

PR.NO.323923 District(24-25):D

# भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टीयां निजी स्वार्थ के लिए मोदी जी को रोकना चाहते हैं : विमला प्रधान

## देश और राष्ट्रहित में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है : तुलसी कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी बीरू मंडल के बीरू शक्ति केंद्र के बूथ स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करने में विश्वास रखते हैं इस बैठक में उपस्थित पूर्व मंत्री श्रीमती विमला प्रधान ने कहा कि आदरणीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा कई तरह के कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है सभी कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष क्षेत्र में आम जनता के साथ जनसंपर्क के दौरान लाभकारी योजनाओं को बताएं फिर से आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को देश हित में प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल का बटन दबाने का अपील करें। जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने कहा कि विपक्षी पटी महागठबंधन में सामिल लोग पिछले 70 सालों में केवल और केवल अपने परिवारवाद और निजी स्वार्थ के लिए हर कार्य किया आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कई तरह के जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रहे हैं 2014 के बाद जब से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी प्रधानमंत्री बने हैं देश का चौहमुखी विकास हो रहा है देश हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है पूरा विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारत का जय जय कार हो रहा है डंका बज रहा है देश की जनता इस बार 2024 में भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी को प्रचंड बहुमत के साथ 400 प्लस सीट देकर देश का प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीराराम एवं श्री दुर्ग विजय सिंह देव ने भी अपने विचार रखें इस बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव,विधान सभा के संयोजक सह पूर्व मंत्री श्री मति विमला प्रधान,जिला कोषाध्यक्ष सह बीरू मंडल के प्रभारी अनूप प्रसाद, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरा राम, मंडल महिला मोर्चा की द्रोपदी देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा, जिला कार्य समिति सदस्य सुमंत बीसी,अशोक गुप्ता,किसान मोर्चा अध्यक्ष रामलाल नायक,एसटी मोर्चा के अध्यक्ष फणींद्र खेरवार, मंडल के महामंत्री कुलदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष अनूप कुमार साहू, रामजीत सिंह, मंत्री नरसिंग पेठा ई, पंचायत के संयोजक घनश्याम दास,सह संयोजक बजरंग गुप्ता,सभी सातों बूथों के अध्यक्ष,सचिव एवं बूथ समिति के सदस्य गण एवं नारी शक्ति उपस्थित रहे। बैठक में सभी बूथों में इस बार अपने मतदान प्रतिशत को बढ़ाते हुए अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार को जिताने का संकल्प लिया गया

# ग्रामीणों के बीच हुई कृषि कार्य संबंधित बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉ मोहन बड़ाईक गैर-सरकारी संगठन मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी (रजिए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं KHEYTI TECH PVT LTD के संयुक्त तत्वाधान में जिला सिमडेगा स्थित केरसई प्रखण्ड के करंगागुड़ी शिव मंदिर परिसर में ग्रामीण किसानों के बीच कृषि कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खेती से जुड़े पदाधिकारीगण दिल्ली, उत्तर प्रदेश, केरल और हैदराबाद से शामिल हुए। बैठक का संचालन डॉ बड़ाईक के द्वारा की गयी उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित किसानों का अभिवादन करते हुए कहा कि मशाल संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्य योजनाओं को लोगों के समक्ष रखा। जिसमें KHEYTI TECH PVT LTD के साथ मिलकर मशाल एनजीओ द्वारा यहां के गरीब, पिछड़े एवं मध्यम वर्गीय किसानों जो फल एवं सब्ज़ियों की खेती करते हैं, उन्हें शेड नेट, ड्रीप सिस्टम, टपक सिस्टम आदि अन्य कृषि उपकरण 70 प्रतिशत सब्सिडी के दर से उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कृषि उपकरण से किसानों को अत्यधिक गर्मी, बरसात, ओला बृष्टि आदि अन्य कई प्रकार से कृषि को हानि पहुंचाने वाले कीटाणुओं से निजात मिलेगी। वहीं किसान बेमौसम कुछ भी खेती आसानी से कर पाएंगे और चौगुनी मुनाफा भी कमा पाएंगे। यह शेड नेट खेती को पूरी तरह से सुरक्षित रखता है तथा इसमें किसी भी प्रकार के किटाणु एवं जानवर हानि नहीं पहुंचा सकेंगे साथ में एक साल तक की तकनीकि शिक्षा हेतु सहायक प्रदान की जाएगी और समय-समय पर आपको खेती की सुरक्षा एवं अच्छी पैदावार बढ़ाने का ज्ञान आदि निःशुल्क सहायता दी जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मानकी लाल, निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष श्री प्रणव कुमार सहित खेती के पदाधिकारीगणों में श्री दीपक बालन, श्री शुभम कुमार, श्री उज्वल कुमार, श्रीमती रोजिना देवी, जाहिद जब्बार, श्री विरेन्द्र यादव, श्री शिव कुमार मांझी, शोभा देवी इत्यादि कई किसान मौजूद रहे।

# अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी से मिले जिंगी हाई स्कूल के कराटे खिलाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आत्मविश्वास, लगन, और कठिन परिश्रम से हर जंग जीती जा सकती है। आप में बहुत प्रतिभा है जिसे निखारने में विभाग हमेशा आपके साथ रहेगा। उक्त बातें आज रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ियों से अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा श्री अभिषेक झा ने अपने कार्यकाल कक्ष में मुलाकात करते हुए कहीं।आज हाई स्कूल जिंगी के कराटे खिलाड़ियों का समूह प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी से मिला और आशीर्वाद लिया। ये खिलाड़ी दसवीं ईमा कप सिकोकाई कराटे चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने के लिए दिनांक 20 एवं 21 अप्रैल 2024 को रांची जाएंगे। सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एंड ईमा के सौजन्य ले बिशॉप स्कूल ओल्ड एचबी रोड रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिंगी संकुल से कुल चार खिलाड़ी रौशनी उरांव, अदनान अंसारी एवं अब्दुल्ला अंसारी तथा मोहन टाना भगत (म. वि. तान) भाग लेंगे। मौके पर श्री झा ने विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी की कड़ी मेहनत और जुझारूपन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विद्यालय का चयन पीएमश्री योजना में होने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन करें साथ ही खेलो झारखंड के तहत आयोजित खेलों में भी अच्छा खेलकर विद्यालय और जिला का नाम रौशन करें। मौके पर कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार भू मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय में पीएलिव मेम्बर्स के साथ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से आज व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में पीएलिव मेम्बर्स के साथ मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीडीजे, अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाते हैं। वहां जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। अन्य जागरूकता कार्यक्रम की तरह भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को भी करें। डालसा सचिव ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार हुआ करता था। उसके बाद अमेरिका जैसे देशों में भी यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ। भारत जैसे बड़े देश मे भी इसे लागू कराने में दिक्कत हुई। लेकिन अब मतदान का अधिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रही है। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण द्वारा ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही है। इस बार जिला में 90 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कई सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित हैं जिनके द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फॉर्म-6, टॉल फ्री नम्बर 1950, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के वीडियो दिखाए गए। सभी पीएलवी मेम्बर्स में सभी संबंधित मोबाइल एप डाउनलोड कराए गए। आज के कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के सदस्य, पीएलवी मेम्बर्स आदि उपस्थित थे।

# ऋषि नाथ शाहदेव एवं सुजीत सिंह ने घायलों से की मुलाकात हर संभव मदद करने का दिलाया भरोसा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी पर्व के अवसर पर हृदय को झकझोर देने वाली घटना को लेकर चारों ओर दुःख का माहौल है, इस घटना में घायलों को देखने झारखंड प्रदेश हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव एवं रांची महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह समेत सभी पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलकर संतावना देते हुए हर संभव मदद करने की बात कही। ऋषि नाथ शाहदेव ने जय श्री राम समिति के पदाधिकारी से बात कर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किए संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा इस घटना से हम सभी को बहुत ही गहरा आघात लगा है। हम सब मिलकर जितना हो सके उतना सहयोग करने का हर सम्भव प्रयास किया और आगे भी करते रहेंगे केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा आहूत सभी हिंदू संगठनों के साथ बैठक हुई जिसमे धर्म संस्कृति की मर्यादा भंग ना हो उसे ध्यान में रखते हुए आगे से रामनवमी शोभा यात्रा में डीजे प्रतिबंधित करने की बात कही गई। साथ ही कहा सभी संगठनों के निर्णय स्वरुप महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा जी का क्यूआर कोड जारी किया गया है जिसमें पीड़ित परिवारों को मदद स्वरूप लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की गई है।

# गुमला में 24 को करेंगे भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव अपना नामांकन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा के जिला पदाधिकारी की कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में लोहरदगा भाजपा जिला कार्यालय बख्शीडिपा स्थित सभागार में की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सह लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहू,भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, विशुनपुर विधानसभा प्रभारी भूपन साहू,सह संयोजक विशुनपुर भिखारी भगत, सागर उराँव उपस्थित थे। बैठक का मुख्य रूप से भाजपा लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव का नामांकन गुमला में 24 अप्रैल दिन बुधवार को निर्धारित समय पर करेंगे। नामांकन तैयारी के नीमित बैठक में योजना बनाई गयी। जिसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश महामंत्री और लोकसभा प्रभारी के द्वारा विभिन्न कार्यो की जिम्मेवारी दी गई। नामांकन ससमय समर्थक कार्यकर्ता पहुंचे उसके लिए भी बैठक में योजनाएं बनाई गई। मंच संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने किया।

# स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में शुक्रवार को जांच के दौरान एस आई मनोज कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर झंडा, अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया गया। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी लिया गया। तथा सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। जिससे अपराध पर अंकुश लगा रहे। साथ ही वाहन जांच के क्रम में अवैध बालू की और ट्रक में ओभर लोड बॉक्साइड परिवहन करने में भी कमी आई है। मौके पर दण्डाधिकारी के साथ एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में महात्मा हंसराज जयंती पर कार्यक्रम का आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जे मेहर द्वारा महात्मा हंसराज जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कोई शक नहीं कि दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शैक्षणिक संगठन देश भर में फैले दयानंद आर्य वैदिक स्कूलों और कॉलेजों की श्रृंखला है। महात्मा हंसराज जी एक ओर जहां डी.ए.वी. शिक्षा संस्थाओं के संस्थापक थे,वहीं दूसरी ओर वे महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना सारा जीवन ही शिक्षा और समाज-सुधार के कार्यों के लिए अर्पित कर दिया और बड़ी-से-बड़ी बाधा उन्हें पथ से डिगा नहीं सकी । महात्मा जी के महान कृत्यों व उनके साहस से विद्यार्थियों को परिचित करवाने तथा उनके चारित्रिक गुणों को आत्मसात करने के उद्देश्य से विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा हंसराज जी की तस्वीर के समक्ष माननीय प्राचार्य महोदय के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पार्जन कर किया गया। शिक्षिका ज्योति पांडे ने मंच संचालन किया।छात्रा अंतरा कुमारी व अस्मिता गौतम द्वारा महात्मा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। शिक्षक यू सी दास ने भी महात्मा जी की जीवन यात्रा पर प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया।

# रा.उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी का प्रदर्शन सराहनीय



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र के रा.उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी का इस वर्ष का मैट्रिक परीक्षाफल शानदार रहा। विद्यालय के प्र.प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने बताया कि विद्यालय से कुल 40 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दी थी। इसमें से 13 प्रथम श्रेणी,18 द्वितीय श्रेणी, 8 तृतीय श्रेणी तथा मात्र एक विधार्थी मार्जिनल रहे। इस प्रकार बहुत कम शिक्षक और संसाधनों के बावजूद बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर दिखाया है। विद्यालय टॉपर सृष्टि सिंह 79प्रतिशत, द्वितीय टॉपर बिशाल गुप्ता-78त्न तथा राजकुमार गुप्ता तृतीय टपर - 77 प्रतिशत कर रहे। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैट्रिक का परीक्षा परिणाम बेहतरीन कैरियर की दिशा हमवार करती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत और लगन को दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के अनुशासन, शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान का भाव, नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थिति का प्रयास करना, ये सभी बातें इस बैच को बाकी से अलग करता है।विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ज्याऊल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, सरोज कुमार दुबे, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, समीना खातून, चांदो तिर्की, फूलमनी उरांव, मोनिका कुमारी, समीना खातून, राजेश्वरी कुमारी, सरिता टोप्पो आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी ने भी इस मौके पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के निरंतर आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने की कामना की है।

# कैरो प्रखण्ड मुख्यालय में भरत मिलाप सह शोभायात्रा सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय कैरो में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व रामनवमी दशमी के अवसर पर भरत मिलाप सह शोभायात्रा व मेला का आयोजन किया गया जो शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर रामनवमी स्थल पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। बजरंगी अखाड़ा कैरो के द्वारा संकट मोचन महाबीर मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई वहीं उतका का शोभायात्र मुख्य पथ पर डॉ. नरायण उच्च विद्यालय के समीप भरत मिलाप करते हुए चार जिले से आये विभिन्न अखाड़ो के झांकी व जुलूस का स्वागत किया गया। महाबीर मंडल के लोगो ने गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते हुए विभन्न महाबीर मंडल के आखाड़े को मिलाते हुई भ्रमण किया और मेला टाड पहुँच कर अस्त्र शस्त्र का संचालन प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में कैरो, उतका, चाल्हो, सढाबे, हनहट, नरौली, खण्डा, नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, मसमनो, सुकरहुटु, खरता, टाटी, बसरि, सिंजो, कुडू, हेंजला, सीठियो, कुम्हरिया, नगड़ा, गुड़ी, सोस, मुरुपिरी, एवं गुमला, रांची जिले के कई अखाड़ो ने भाग लिया। अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख अखाड़े को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मेले ने मुख्य अतिथि व अतिथि की ओर से उपस्थित गण्यमान्य लोगो को मेला कमिटी के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा सह मेला में किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो इसको लेकर प्रखण्ड सह अंचल थाना प्रसासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्थलों पर जवानों की तैनाती कर रखी थी। मेला टाड सहित विभिन्न मार्गो में कई सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चना गुड़ पानी का व्यवस्था किया गया। भरत मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम में बिनेदेश्वर उरांव, नीरू शान्ति भगत, राजमोहन राम, कृष्णय चैतन्य ब्रह्मचर्य, लखन उरांव, पहान बीरेंद्र उरांव, रामपवित्र सोनी, दीपक साहू, महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, बजरंग उरांव, बुधवा उरांव, शरत कुमार विद्यार्थी, दीपेश्वर पांडे, सम्भु सोनी, संजय महतो, रवि प्रजापति, मुखिया बीरेंद्र महली, विशेश्वर प्रसाद दिन, डॉ.राकेश कुमार, संजय साहू, रामप्रसाद यादव, बिपिन सिंह, सूरज मोहन साहू, मनोज पांडे, काली साहू, कृष्णा साहू, ललेश पांडे, अनुज साहू, कैलाश महतो, आनंद साहू, गंगा साहू सहित प्रखंड क्षेत्र के गण्यमान्य उपस्थित थे।

# लोहरदगा उर्स लाइन बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा माही ठाकुर मैट्रिक में जिला टॉपर बनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा उर्स लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की माही ठाकुर ने 489 अंक लाकर जिला टॉपर बनी है,उनके पिता दिलीप ठाकुर तथा माता नीतू देवी बरवाटोली धोबी मोहल्ले लोहरदगा की रहने वाली है और उनके पिता जी सैलून चला कर बच्चों की पढ़ाई मे कोई कोताही नहीं करते है वहीं उनकी माता नीतू देवी का कहना है की मेरे सभी बच्चों को पढ़ाई मे कोई डिस्टर्ब नहीं होने देती हुँ हमलोग सब बर्दास्त करते है लेकिन बच्चों को पढ़ाई मे कमी नहीं होने देते है, वहीं माही ठाकुर ने कही है की मै अपने पिता और माता की कठिन मेहनत से परिवार चलाने को देखती हुँ इसलिए उनकी गरीबी को शिक्षा प्राप्त कर ही दूर कर सकती हुँ इसलिए अपनी पढ़ाई मै सेल्फ स्टडी करके पढ़ती हुँ मै डॉक्टर बन कर निचे गिरे समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना चाहती हुँ।

# अधिसूचना जारी, 25 अप्रैल तक भर सकेंगे नामांकन : उपायुक्त

## सुरक्षा के इंतजाम पूरे : पुलिस अधीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी गयी। आज इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इसके अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2024 तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 26 अप्रैल 2024 को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 तक होगी। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई 2024 को होंगे। मतगणना 4 जून 2024 को होगी। लोहरदगा जिला में निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया के बेहतर आयोजन के लिए कुल 19 कोषांगों का गठन किया गया है जो क्रियाशील हैं। मतदान के लिए पहला रैंडमाइजेशन दिनांक 15 अप्रैल को किया गया जिसके अनुसार कुल 375 बैलेट यूनिट, 375 कंट्रोल यूनिट और 417 वीवीपैट (रिजर्व सम्मिलित) हैं। कमीशनिंग 1 मई से 10 मई 2024 तक की जाएगी। मतदान को लेकर 30 अप्रैल 2024 से 6 मई 2024 तक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। जिन्होंने घर से मतदान के लिए फॉर्म भरा है उनकी होम वोटिंग फर्स्ट राउंड में 2 से 7 मई 2024 तक जाएगी। सेकेंड राउंड की वोटिंग 9 से 10 मई 2024 तक होगी। पोस्टल बैलेट की वोटिंग 7 से 9 मई 2024 तक होगी। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन के लिए जेनरल ऑब्जर्वर के रूप में केडी कुंजन, (भा0प्र0से0, 2009 बैच), पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में मनोज कुमार (भा0पु0से0,2006 बैच और व्यय प्रेक्षक के रूप में रिजॉय कृष्णन (IDAS, 2012 batch) की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल 68 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 5 एफएसटी और एस एसटी दल गठित है और क्रियाशील है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की मांग की गई है। बेहतर कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। प्रत्येक बूथ कवर किया गया है। कुछ बूथों में हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सुदूरवर्तीवर्ती बूथों में भी मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा। आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## पति-पत्नी के शासन में बदहाल था बिहार, हमलोगों ने किया काम : सीएम



एजेंसी

**भागलपुर** : भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया।

उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। इसको विस्तार करके इसका नाम जीविका किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में भी इसे लागू किया जायेगा। इससे महिलाओं का जीवन स्तर काफी ऊपर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति माह 11 हजार लोगों का इलाज किया जाता है।मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 1989 में हुए दंगा की चर्चा करते हुए कहा कि दंगे में अल्पसंख्यकों की क्या हालत हुई थी। दंगा की जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलवाई गई। प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसों को सरकारी किया गया। कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक लाख कब्रिस्तान की और घेराबंदी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की बात कही।

कार्यक्रम में उदय कांत मिश्रा, पूर्व मंत्री राज्यसभा सदस्य संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल, बिहपुर विधानसभा के विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, विधायक ललन पासवान, पूर्व सांसद शैलेश कुमार, राज्यसभा सदस्य कहकशां परवीन, पूर्व सांसद अनिल यादव, लोजपा जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान, विपिन बिहारी सिंह, भोला मंडल साकेत बिहारी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में भागलपुर में भी वोटिंग होनी है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी : के रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया।

### अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए चलाएं विशेष अभियान : ए.वी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया।

### शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद् करने का निदेश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निदेश दिया।



**बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया**

### बैठक में इनकी रही रही उपस्थिति

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी वाइएस रमेश, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया सेल को रखें एक्टिव, 24 घंटे रखें निगरानी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पोष्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय परिसर से पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के लिए मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

### स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों का करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

### इस बार दिन भर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया।

### गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुककमल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

## सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सह नैतिक मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर नितिन कुमार के द्वारा इविएम वीवीपीएटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से बताया कि वीवीपीएटी आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गई है। साथ ही उपस्थित विद्यार्थी एवं कॉलेज के कर्मियों को नैतिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। अतः उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से 13 मई को मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप्पस, जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं, के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ पत्र के माध्यम से 13 मई को होने वाले मतदान में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर मास्टर ट्रेनर नीतीन कुमार तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, सुनील कुमार तिवारी, कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर निखिलेश चौबे, डॉ0 अरविन्द कुमार गुप्ता, उमेश सहाय, प्रो. कमलेश सिन्हा, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. बिरेन्द्र पांडेय, प्रो. संजय केसरी आदि उपस्थित थे।

## दुल्हन ने विदाई से पहले किया मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली:** मध्यप्रदेश और बिहार से दुल्हन ने विदाई से पहले अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया. मध्य प्रदेश में मंडला संसदीय क्षेत्र में एक वधू ने विदाई से पहले अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाई. मंडला संसदीय क्षेत्र के मेली गांव के नारायणगंज के मतदान केंद्र 112 पर हर किसी को खुश कर देने वाला नजारा देखने को मिला. यहां की आशा रानी सिंगरोरे अपनी विदाई से पहले मतदान करने पहुंची.वहीं, जमुई के शेखपुरा विधानसभा में भी लोकतंत्र के लिए एक सुखद तस्वीर सामने आई. विदा होने के पहले एक नई नवेली दुल्हन लाल सुर्ख जोड़े में अपने पति के साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया. दरअसल, शेखपुरा नगर परिषद क्षेत्र के चक दीवान मोहल्ला निवासी सुष्मिता कुमारी का विवाह देर रात



प्रदीप कुमार के साथ संपन्न हुआ. सुष्मिता की शुक्रवार सुबह विदाई होनी थी, लेकिन इन्होंने विदाई से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने का फैसला किया. इसके बाद सुष्मिता अपने पति प्रदीप कुमार के साथ शेखपुरा विधानसभा के मतदान केंद्र 68 पर पहुंची और मताधिकार का प्रयोग किया. मतदानकर्मियों और अन्य मतदाताओं ने भी नव दंपति का केंद्र पर स्वागत किया. सुष्मिता ने कहा कि देश और प्रदेश के लिए एक अच्छी सरकार जरूरी है और इसके लिए मतदान करना आवश्यक है.

## अमित शाह ने गुजरात की गांधी नगर सीट से भरा नामांकन

एजेंसी

**नई दिल्ली** :लोकसभा चुनाव की पहली चरण के लिए मतदान शुरू हो गया। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात की गांधी नगर सीट से अपना नामांकन भरा। इस दौरान उनके साथ बीजेपी के गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल और कई विधायक व कई भाजपा नेता मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मैंने गांधीनगर सीट से अपना नॉमिनेशन भरा है। यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि जिस सीट से एलके अडवाणी या लाल कृष्ण अडवानी, अटल जी ने प्रतिनिधित्व किया है और खुद नरेंद्र मोदी जी यहां से मतदाता हैं। उस सीट से प्रतिनिधत्व करने का मौका मिला है। 30 साल से मैं गांधीनगर से विधायक और सांसद बना, जनता के लिए ढ़ेरों काम किए। यहां के लोग मुझे अपना ढेर सारा प्यार देते हैं। मैं एक छोटे से बूथ कार्यकर्ता से संसद तक पहुंचा



हूं। मोदी से नेतृत्व में पहले सीएम और बाद में पीएम के नाते बीजेपी की सरकार ने बहुत काम किया है। 5 साल में 22 हजार करोड़ से ज्यादा के डेवलपमेंट के काम गांधीनगर क्षेत्र में हुए।

मुझे बड़ा संतोष है कि जब-जब मैं पार्टी के लिए, अपने लिए क्षेत्र की जनता से वोट मांगने आया, मुझे बड़े मन से आशीर्वाद दिया है और हमेशा बड़े मजबूत बहुमत से जिताया है। जानकारी के लिए बता दें कि गुजरात क सभी 26 सीटों के लिए वोटिंग एक ही दिन में होगी। गुजरात की सभी सीटों पर मतदान 7 मई को तीसरे चरण में होनी है। अगर बात करें पिछले लोकसभा चुनाव की तो गांधीनगर से 2019 की लोकसभा चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ सी.जे चावड़ा को 50 हजार से ज्यादा के अंतर से हराया था। इस चुनाव में अमित शाह को करीबन 3 लाख वोट मिले थे।

## प्रथम चरण का मतदान : 1625 उम्मीदवारों के भाग्य का हुआ फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ। इस चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों के लिए मतदाता वोट डाले। इसके साथ ही कुल 1625 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गया। इससे पहले चुनाव आयोग ने पहले चरण के लिए विशेष तैयारियां की थी। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पिक एंड ड्रॉप सुविधा दी गई। वहीं, 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई। मतदान के लिए 18 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए थे। पहले चरण के मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए।पहले चरण के चुनाव में कुल 1625 उम्मीदवार हैं। इनमें 1491 पुरुष उम्मीदवार और 134 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के



लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन काम पर लगाए गए हैं।

### मतदाताओं के लिए खास सुविधाएं

102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 14.14 लाख से अधिक पंजीकृत और 13.89 लाख दिव्यांग मतदाता थे। इन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया था। चुनाव आयोग ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप सुविधा, साइनेज, ईवीएम पर ब्रेल साइनेज, स्वयंसेवकों आदि जैसी सभी सुविधाएं प्रदान की गई।पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद थी। ये कदम इसलिए उठाए गए, ताकि बुजुर्ग और विकलांग व्यक्ति सहित प्रत्येक मतदाता को आसानी से अपना वोट डाल सकें।102 संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय थीम के साथ मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। 5000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन सुरक्षा कर्मचारियों सहित पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया गया। वहीं 1000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन विकलांग व्यक्ति ने किया।

## गढ़वा में ऐतिहासिक होगा उलगुलान महारैली : झामुमो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** रांची में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगा। इस महारैली में गढ़वा से लगभग 25 हजार कार्यकर्ता शामिल हांगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न बसों, चारपहिया वाहन आदि के माध्यम से रांची पहुंचेंगे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने शुक्रवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा मीठा जहर घोलकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। यदि जनता इसबार सचेत नहीं हुई तो मतदान के अधिकार से सभी को वंचित हो जाना पड़ेगा। भाजपा इस बार सत्ता में आयी तो अगली बार से चुनाव बंद कराने की तैयारी में है। इस बार भी सभी प्रमुख विपक्षी दलों के



नेताओं को भाजपा चुनाव से ठीक पहले बेवजह जेल में बंद कर चुनाव को एकतरफा करने का प्रयास कर रही है। साथ ही भाजपा ने इडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि सभी का दुरूपयोग कर अपने हित में कार्य करवा रही है।

श्री दुबे ने कहा कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो के तर्ज पर काम कर रही है। इस तरह से बहुत बड़ा स्कैम चलाया जा रहा है। किसी भी ठेका कार्य को अधिक स्टीमेट बनाकर कार्य कराया जा रहा है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा को जहां-जहां चुनाव हारने का डर है वैसे जगह झारखंड, दिल्ली के मुख्यमंत्री को चुनाव से ठीक पहले जबरन जेल में बंद करवा दिया यदि भाजपा में इतनी क्षमता थी तो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी चुनाव के बहुत पहले या बाद में करायी जा सकती थी। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश की जनता को जागरूक होने की जरूरत है। भाजपा देश एवं देशवासियों के लिए नहीं बल्कि सिर्फ सत्ता के लिए काम करती है। प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम उपस्थित थे।